# नेशनल प्रेस टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली, शुक्रवार 30 मई 2025

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 11, अंक : 91 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579


# 'आतंकियों को सौंपे और जल्द पीओके खाली करे' पाकिस्तान

## पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर विदेश मंत्रालय की दो टूक

**नई दिल्ली** । भारत सरकार ने पाकिस्तान को एक बार फिर कड़ा संदेश दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साफ कहा है कि आतंकवाद और बातचीत एक साथ नहीं चल सकते। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पाकिस्तान से कोई भी बातचीत तभी होगी जब वो पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को खाली कर भारत को सौंप देगा।




पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद सीमा पर चले संघर्ष के दौरान भारत ने अपना पक्ष साफ कर दिया है कि आतंकवाद और बातचीत एक साथ नहीं चल सकते हैं। वहीं विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'जहां तक पाकिस्तान के साथ हमारे संबंधों का सवाल है, हमारा रुख स्पष्ट है। सिर्फ दो पक्षों के ही बीच बातचीत होगी। हम दोहराना चाहेंगे कि आतंकवाद और बातचीत साथ-साथ नहीं चल सकते। उन्हें भारत को उन कुख्यात आतंकवादियों को सौंपना होगा, जिनके रिकॉर्ड और सूची हमने कुछ साल पहले उन्हें सौंपी थी।

**'पीओके खाली होने के बाद जम्मू-कश्मीर पर होगी बातचीत'**- रणधीर जायसवाल ने आगे कहा, 'जम्मू-कश्मीर पर बातचीत तभी होगी जब पीओके खाली हो जाएगा और पाकिस्तान हमें वह इलाका सौंप देगा। इसके साथ ही सिंधु जल संधि पर भी भारत का सख्त रुख रखतने हुए उन्होंने कहा- जहां तक सिंधु जल संधि का सवाल है, यह तब तक स्थगित रहेगी जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद को अपना समर्थन विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से त्याग नहीं देता।

**रणधीर जायसवाल ने दोहराई पीएम मोदी की बात**- विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बात को दोहराते हुए कहा, 'आतंक और बातचीत एक साथ नहीं चल सकते। आतंक और व्यापार भी एक साथ नहीं हो सकते।

**शेष पेज 2 पर**

## बंगाल में पीएम मोदी ने भरी हुंकार

# 'पाकिस्तान समझ ले, तीन बार घर में घुसकर मारा है तुम्हे'

कोलकाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अब जब मैं सिंदूर खेला की पवित्र धरती पर खड़ा हूं, तो यह उचित ही है कि हम आतंकवाद के खिलाफ एक नए संकल्प- ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बात करें। भारत बदल गया है। हम अब ऐसी कायराना हरकतों को बर्दाश्त नहीं करते। ऑपरेशन सिंदूर हमारा कड़ा जवाब है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार और कूचबिहार जिलों को 1,010 करोड़ रुपये की सौगात दी। उन्होंने यहां सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) परियोजना की आधारशिला रखी। इससे 2.5 लाख से अधिक घरों के साथ-साथ वाणिज्यिक और औद्योगिक उपयोगकताओं को पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) उपलब्ध कराना है। योजना के तहत न्यूनतम कार्य कार्यक्रम लक्ष्यों के अनुसार लगभग 19 संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) स्टेशन भी स्थापित किए जाएंगे। इससे विश्वसनीय, पर्यावरण के अनुकूल और लागत प्रभावी ईंधन आपूर्ति की उम्मीद है। साथ ही क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।



यहां लोगों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और पाकिस्तान के दुस्साहसों का जिक्र किया। उन्होंने बतायास कि कैसे भारत ने तीन पाकिस्तान को उसके घर में घुसकर मारा। उन्होंने कहा, '22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों ने जो बर्बरता की, उसके बाद पश्चिम बंगाल में भी बहुत गुस्सा था। आपके भीतर जो आक्रोश था, आपका जो गुस्सा था, उसको मैं भलीभांति समझता था। आतंकवादियों ने हमारी बहनों का सिंदूर मिटाने का दुस्साहस किया। हमारी सेना ने उनको सिंदूर की शक्ति का अहसास करा दिया। हमने आतंक के उन ठिकानों को तबाह किया, जिसकी पाकिस्तान ने कल्पना तक नहीं की थी।'

उन्होंने कहा, 'आतंक को पालने वाले पाकिस्तान के पास दुनिया को देने के लिए कुछ भी सकारात्मक नहीं है। जब से वो अस्तित्व में आए हैं, तब से ही उसने सिर्फ आतंक को पाला है। 1947 में बंटवारे के बाद से ही उसने भारत पर आतंकी हमला किया। कुछ सालों के बाद उसने यहां पड़ोस में आज के बांग्लादेश में जो आतंक फैलाया, पाकिस्तान की सेना ने जिस प्रकार बांग्लादेश में दुष्कर्म और हत्याएं कीं, वो कोई भूल नहीं सकता। आतंक और नरसंहार पाकिस्तानी सेना की सबसे बड़ी एक्सपरटाइज है।

**शेष पेज 2 पर**

# कांग्रेस नेताओं के आलोचना करने पर भड़के थरूर, तंज कसते हुए बोले- मेरे पास करने के लिए बहुत कुछ

नई दिल्ली । थरूर ने सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट स्ट्राइक का जिक्र करते हुए कहा कि 'पहली बार भारत ने सर्जिकल स्ट्राइक के समय एलओसी पार कर आतंकी ठिकानों पर हमले किए। यहां तक की कारगिल की लड़ाई में भी हमने सीमापार नहीं की थी।'



अपनी ही पार्टी के नेताओं की आलोचनाओं में घिरे कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने पलटवार किया है और उन्होंने आलोचना करने वाले नेताओं को अति-उत्साही बता दिया है। शशि थरूर का यह बयान कांग्रेस नेता उदित राज के उस बयान के बाद सामने आया है, जिसमें उदित राज ने शशि थरूर के विदेश में दिए गए एक बयान पर आपत्ति जताई थी और उन्हें भाजपा का सुपर प्रवक्ता बता दिया था। शशि थरूर इन दिनों विदेश दौरों पर गए भारत के सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से एक का नेतृत्व कर रहे हैं।

कैसे शुरू हुआ पूरा विवाद- शशि थरूर ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के साथ पनामा दौरे पर अपने एक भाषण में कहा कि 'भारत सरकार ने हाल के वर्षों में अपनी सोच में बदलाव किया है। जिसके बाद आतंकियों को भी ये अहसास हो गया है कि उन्हें भारत में हमले की कीमत चुकानी पड़ेगी।'


**शेष पेज 2 पर**

## सीएम योगी ने विकसित कृषि संकल्प अभियान का किया शुभारंभ, बोले-

# मोदी सरकार में किसान सरकार के एजेंडे में आए

लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ किया। इस अभियान के तहत किसानों की समस्याओं का समाधान करने के लिए अलग-अलग विभाग के अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों में जाएंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चौधरी चरण सिंह की पुण्य तिथि पर आयोजित विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू हो रहा है। यह कई मामले में अहम है। पहली बार वैज्ञानिक गांव में जा रहे हैं। आज से 12 जून तक चलने वाला अभियान विकसित भारत के अभियान की अवधारणा को पूरा करेगा। इस अभियान के तहत किसानों को आधुनिक खेती के तरीके समझाए जाएंगे। इससे समृद्धि आएगी। 11 साल में पूरे देश में खेती में नवाचार हुआ है। एमएसपी तय हुई है। किसानों को अच्छे बीज मिल रहे हैं। लैब टू लैंड अभियान शुरू हो रहा है। यह देश की तस्वीर बदलेगा। कृषि वैज्ञानिक सम्बंधित क्षेत्र में क्लाइमेटिक जोन का भी आकलन करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को लखनऊ के लोकभवन में विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ किया। इस अभियान के तहत कृषि विभाग, उद्यान विभाग और पशुपालन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी गांव में जाकर योजनाओं की जानकारी देंगे और किसानों की समस्याओं का समाधान करेंगे।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यूपी की आठ साल की सरकार ने खेती के क्षेत्र में कई नवाचार किए हैं। यूपी 10 फीसदी कृषि भूमि में देश के लिए 22 फीसदी उत्पादन करता है लेकिन पिछली सरकारों ने किसानों को अपने एजेंडे से बाहर कर दिया। बीज, खाद और पानी के लिए किसान परेशान रहे। अब बदलाव हो रहा है। प्रधानमंत्री के एजेंडे में किसान हैं इसलिए मृदा हेल्थ कार्ड बन रहा है। किसान समृद्धि योजना का लाभ मिल रहा है। गेहूं का दाम 2015 तक एक हजार मिलता था अब 2400 से 2800 तक मिल रहा है। ये किसान के जीवन में बदलाव का उदाहरण है। किसानों को 2.50 हजार करोड़ का पानी मुफ्त में दिया जा रहा है।

**शेष पेज 2 पर**

# हमारे सांसद घूम रहे हैं, आतंकवादी भी... जयराम रमेश का विवादित बयान, भाजपा ने किया पलटवार

**नई दिल्ली** । कांग्रेस नेता की टिप्पणी के बाद, भाजपा ने बिना समय गंवाए तीखी आलोचना करते हुए कहा कि जयराम रमेश ने सबसे घृणित तुलना की है। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि पहलगाम आतंकी हमले के पीछे के आतंकवादी चार अन्य हमलों में शामिल थे और आज खुलेआम घूम रहे हैं।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने गुरुवार को पहलगाम हमले के पीछे के आतंकवादियों और वैश्विक मंच पर भारत के आतंकवाद विरोधी संदेश का प्रतिनिधित्व करने वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल सांसदों के बीच तुलना करके विवाद खड़ा कर दिया। कांग्रेस नेता की टिप्पणी के बाद, भाजपा ने बिना समय गंवाए तीखी आलोचना करते हुए कहा कि



जयराम रमेश ने सबसे घृणित तुलना की है। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि पहलगाम आतंकी हमले के पीछे के आतंकवादी चार अन्य हमलों में शामिल थे और आज खुलेआम घूम रहे हैं।

इसके बाद उन्होंने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के लिए चुने गए सांसदों की तुलना आतंकवादियों से करते हुए कहा कि हमारे सांसद और आतंकवादी दोनों ही खुलेआम घूम रहे हैं।

**शेष पेज 2 पर**

# 'अगर हिम्मत है, तो कल चुनाव में उतरें'

## CM ममता ने PM मोदी को दी चुनौती

कोलकाता।टीएमसी ने मोदी सरकार पर प्रतिशोध की राजनीति का आरोप भी लगाया। टीएमसी ने कहा कि इसी नीति के चलते ही बंगाल को मनरेगा और आवास योजना के फंड से वंचित किया गया।

पीएम मोदी के ममता सरकार पर करारे वार के बाद राज्य में एक बार फिर वाक युद्ध शुरू हो गया है। पीएम मोदी ने जहां मुर्शिदाबाद हिंसा और मालदा की घटना को लेकर टीएमसी सरकार को घेरा वहीं ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी ने पीएम मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। इतना ही नहीं सूबे की मुखिया ममता बनर्जी ने पीएम पर पलटवार करते हुए उन्हें चुनाव में उतरने की चेतावनी तक दे डाली। ममता बनर्जी ने कहा कि पीएम मोदी की मौजूदगी में उनके मंत्री कह रहे हैं कि अब वे ऑपरेशन सिंदूर की तरह ऑपरेशन बंगाल करेंगे। मैं उन्हें चुनौती देती हूं अगर उनमें हिम्मत है, तो कल चुनाव में उतरें।

'मोदी की नीति फूट डालो और राज करो की'



अलीपुरद्वार में प्रधानमंत्री की रैली के बाद बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि मोदी की नीति फूट डालो और राज करो की है। इस दौरान ममता बनर्जी ने दावा किया कि केंद्र ने लोगों का ध्यान आकर्षित करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर का नाम रखा है।

वहीं, पीएम मोदी के बयान पर पलटवार करते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि पीएम मोदी ने आज जो कहा, उसे सुनकर हम न केवल स्तब्ध हैं, बल्कि बहुत दुखी भी हैं।

**शेष पेज 2 पर**

रणनीति

वायुसेना प्रमुख बोले-

# एक बार जो हमने कमिट किया, फिर अपने आप की भी नहीं सुनते

नई दिल्ली । सीआईआई वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन 2025 में वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने शिरकत की। इस दौरान उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' और भविष्य की रणनीतियों पर अपनी बात रखी।

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने गुरुवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' को राष्ट्रीय की जीत बताया। उन्होंने कहा कि सभी भारतीय बलों ने मिलकर इसे बहुत ही पेशेवर तरीके से अंजाम दिया। सीआईआई बिजनेस समिट में अपने संबोधन में उन्होंने यह भी कहा, 'हम सच्चाई के रास्ते पर चल रहे थे, मुझे लगता है कि इसमें भगवान भी हमारे साथ थे।' इस दौरान उन्होंने 'प्राण जाय पर वचन न जाए...' और 'एक बार हमने जो कमिट कर लिया है, उसके बाद अपने आप की भी नहीं सुनता' जैसी बातें भी कहीं।



वायुसेना प्रमुख ने कहा, 'हम जिस ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बात कर रहे हैं, यह एक राष्ट्रीय जीत है। मैं हर भारतीय का शुक्रिया अदा करता हूं। मुझे यकीन है कि हर भारतीय इस जीत की उम्मीद कर रहा था।' उन्होंने कहा, 'जैसा कि बार-बार कहा जाता रहा है कि यह एक ऐसा ऑपरेशन था, जिसे सभी ने बहुत ही पेशेवर तरीके से अंजाम दिया, सभी एजेंसियां, सभी बल, हम सभी एक साथ आए और जब सच्चाई आपके साथ होती है, तो सब कुछ अपने आप हो जाता है।' उन्होंने कहा कि चाहे वह जमीन की ताकत हो या जल की, वायुसेना हमेशा रहेगी। वायु सेना को इन दोनों के लिए दिलचस्प होना होगा। हम जो भी ऑपरेशन करते हैं, हम उसे वायु सेना के बिना नहीं कर सकते। मुझे लगता है कि इस ऑपरेशन के दौरान भी यह बहुत अच्छी तरह से साबित हुआ है। हम सिर्फ भारत में उत्पादन के बारे में बात नहीं कर सकते। हमें भारत में ही डिजाइनिंग और विकास शुरू करने की जरूरत है। जब संख्या में उत्पादन की बात आती है तो क्षमता सामने आती है। इसलिए हमें सेनाओं और उद्योग के बीच इस विश्वास को बनाए रखने की जरूरत है। **शेष पेज 2 पर**

# असम के विश्वनाथ जिले में उपस्थित असम लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष देबराज उपाध्याय

## उपाध्याय ने जिला प्रशासन के उच्च स्तरीय अधिकारियों के साथ किया समीक्षा बैठक

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**असम :** असम के विश्वनाथ जिले में असम लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष देवराज उपाध्याय उपस्थित होकर जिला प्रशासन के उच्च अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में भाग लिया । आगामी 8 जून, रविवार को विश्वनाथ जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में होने वाली असम लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा 2024 की तैयारियों को लेकर यह बैठक विश्वनाथ के नए आवर्त भवन के सम्मेलन कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी एवं असम लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष देवराज उपाध्याय ने जिले में होने वाली इस परीक्षा की तैयारियों की जानकारी ली और सुरक्षा तथा कानून-व्यवस्था की




समीक्षा की।

उन्होंने परीक्षा को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन को सभी आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। विश्वनाथ जिला प्रशासन ने भी परीक्षा को पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित करने के लिए सभी संभव उपाय किए हैं। इस समीक्षा बैठक में जिला आयुक्त मुनिंद्र नाथ नाटे, पुलिस अधीक्षक शुभाशीष बरुआ, अतिरिक्त जिला आयुक्त राकेश डेका और असीम बरगोहाईं, विश्वनाथ के सर्कल अधिकारी माधुर्य पराशर, सर्कल अधिकारी (संलग्न) मुनचुन बरकाकती, सहायक आयुक्त पुष्पांकर पाटीर, दीक्षित दास समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।गौरतलब है कि परीक्षा को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए आज भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जिला दंडाधिकारी मुनिंद्र नाथ नाटे ने कुछ निषेधाज्ञाएँ लागू की हैं।

जारी आदेश के अनुसार परीक्षा केंद्र से 100 मीटर के दायरे में–परीक्षा में शामिल होने वाले प्रमाणपत्रधारी अभ्यर्थी, परीक्षा से जुड़े पर्यवेक्षक, कर्मचारी और परीक्षा दल, कानून-व्यवस्था एवं आवश्यक सेवाओं के रखरखाव से जुड़े सरकारी अधिकारी-कर्मचारी और परीक्षा संचालन में लगे किसी भी सरकारी अधिकारी-कर्मचारी के अलावा अन्य किसी व्यक्ति की उपस्थिति पर रोक लगाई गई है।

# दिल्ली में एक और पाकिस्तान का जासूस गिरफ्तार, स्पेशल सेल ने खुफिया इनपुट के बाद दबोचा

, नई दिल्ली । सेल की टीम ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी के आरोप में एक कासिम नाम के एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी राजस्थान के भरतपुर का रहने वाला है।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत में रहकर दुश्मन देश पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले लोगों के खिलाफ सुरक्षा बलों ने चौकसी बढ़ा दी है। लगातार जासूसों की गिरफ्तारी के बीच दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल (एनडीआर) को भी बड़ी कामयाबी मिली है। सेल की टीम ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी के आरोप में एक कासिम नाम के एक युवक को



गिरफ्तार किया है। आरोपी राजस्थान के भरतपुर का रहने वाला है।

**कासिम का भाई भी है पाकिस्तानी जासूस**

शुरूआती जानकारी के मुताबिक कासिम भरतपुर के डीग कस्बे का है। उसका भाई भी आईएसआई एजेंट था, जो फरार है। गिरफ्तार कासिम पाकिस्तान पिछले साल गया था और एक महीने रुका था। कासिम ने पाकिस्तान में जासूसी की ट्रेनिंग ली। बकायदा इसने एक महीने जहां आईएसआई के हैंडलर और बड़े अफसरों ने ट्रेंड किया।

**जयपुर से जुड़े हैं कासिम के लिंक्स**

कासिम के बारे में पता चला है कि वो मौलवी है। इसके लिंक्स जयपुर से भी जुड़े हैं। कासिम ने कई लोगों को रेडिक्लाइज किया है। भारत में जिनकी तलाश जारी है। इस मामले में आने वाले दिनों में कुछ गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

# दो दिन नहीं आएगा पानी: दिल्ली के कई इलाकों में प्रभावित रहेगी जल आपूर्ति, आपका क्षेत्र तो नहीं सूची में

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

नई दिल्ली । दिल्ली जल बोर्ड ने 31 मई की शाम और एक जून की सुबह को लेकर एडवाइजरी जारी की है, जिसके अनुसार तकनीकी कार्यों के कारण कुछ इलाकों में पानी की आपूर्ति पूरी तरह से बंद या कम दबाव में हो सकती है।

दिल्ली के कई इलाकों में आगामी दिनों के दौरान पेयजल आपूर्ति प्रभावित रहेगी। दिल्ली जल बोर्ड ने 31 मई की शाम और एक जून की सुबह को लेकर एडवाइजरी जारी की है, जिसके अनुसार तकनीकी कार्यों के कारण कुछ इलाकों में पानी की आपूर्ति पूरी तरह से बंद या कम दबाव में हो सकती है।



दिल्ली जल बोर्ड के अनुसार, 1000 मिमी व्यास की नई महरौली वॉटर मेन को जोड़ने के लिए डियर पार्क पंपिंग स्टेशन परिसर, आईआईटी गेट नंबर 2 और पीडब्ल्यूडी स्टोर, औरंगजेब मार्ग पर इंटरकनेक्शन का कार्य किया जा रहा है। इसके चलते कुतुब यूजीआर और महरौली क्षेत्र को जल आपूर्ति करने वाली डियर पार्क से निकल रही लाइन प्रभावित रहेगी।

इससे महरौली टाउनशिप, सर्वप्रिय विहार, बेगमपुर, कालू सराय, सर्वोदय एनक्लेव, विजय मंडल, आजाद अपार्टमेंट, अधचिनी, कटवारिया सराय और कुतुब इंस्टिट्यूशनल एरिया में पानी की आपूर्ति बाधित होगी।

इसके अतिरिक्त, जल बोर्ड ने यह भी बताया कि ड्रेन नंबर 12 पर हंसराज भवन, आईटीओ के पास 900 मिमी की किलोकारी मेन पाइपलाइन को ऊंचा करने के लिए 24 घंटे का शटडाउन स्वीकृत किया गया है। यह कार्य 31 मई शाम पांच बजे से प्रभावी होगा। इसके कारण मजनू का टीला, राजघाट, विधानसभा, एनडीएमसी क्षेत्र, हंसराज भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, निजामुद्दीन, डिफेंस कॉलोनी और साउथ एक्सटेंशन जैसे क्षेत्रों में भी जलापूर्ति प्रभावित रहेगी।

# पेज एक का शेष...

## 'आतंकियों को सौंपे और जल्द पीओके खाली करे' पाकिस्तान

और पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते।'

ईरान में लापता तीन भारतीयों को लेकर चिंतित– एक अलग विषय पर बोलते हुए जायसवाल ने बताया कि ईरान के तेहरान शहर में तीन भारतीय नागरिक लापता हो गए हैं। उन्होंने कहा, 'तीनों भारतीय नागरिक कुछ समय पहले तेहरान पहुंचे थे, लेकिन अब उनका कोई पता नहीं चल पा रहा है। हम ईरानी अधिकारियों के संपर्क में हैं और वे हमारी सहायता कर रहे हैं।' विदेश मंत्रालय इन तीनों नागरिकों के परिवारों के संपर्क में है और उन्हें हर संभव मदद दी जा रही है।

## 'पाकिस्तान समझ ले, तीन बार घर में घुसकर मारा है तुम्हे'

'पाकिस्तान की सेना आतंकियों का सहारा लेती है'

उन्होंने कहा, 'जब सीधा युद्ध लड़ा जाता है, तब उसकी हार तय होती है, उसकी पराजय निश्चित होती है। यही कारण है कि पाकिस्तान की सेना आतंकियों का सहारा लेती है। पहलगाम हमले के बाद अब भारत ने दुनिया को बता दिया है कि अगर अब भारत पर आतंकी हमला हुआ, तो दुश्मन को उसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। पाकिस्तान समझ ले, तीन बार घर में घुसकर मारा है तुम्हे। बंगाल की इस धरती से ये 140 करोड़ भारतीयों का एलान है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है।'

## सीएम योगी ने विकसित कृषि संकल्प अभियान का किया शुभारंभ, बोले- मोदी सरकार में किसान सरकार के एजेंडे में आए

इसके पहले, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री सूर्य प्रताप सिंह शाही ने कहा कि चौधरी चरण सिंह की पुण्य तिथि पर यह अभियान शुरू हो रहा है। वह निरंतर किसानों की उन्नति के लिए तत्पर रहे। अभियान के दौरान माइक्रो सिंचाई की तकनीक दी जाएगी। सभी विभाग मिलकर 15 दिन तक कार्य करेंगे। हर दिन किसानों से संवाद होगा। लाइव प्रसारण भी किया जाएगा। किसानों को आधुनिक खेती और प्राकृतिक खेती के तरीके समझाए जाएंगे। नवाचार करने वालों किसानों की कहानी अन्य किसानों को बताई जाएगी।

## हमारे सांसद घूम रहे हैं, आतंकवादी भी... जयराम रमेश का विवादित बयान, भाजपा ने किया पलटवार

जयराम रमेश ने एएनआई से कहा कि सुनने में आ रहा है कि 25 और 26 जून को विशेष सत्र बुलाया जा सकता है क्योंकि यह आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ है। हमारे देश में 2014 से अघोषित आपातकाल लागू है। वह 50 साल पहले जो हुआ उसके लिए विशेष सत्र बुलाना चाहते हैं? आज के सवालों से ध्यान हटाने के लिए वे इस बारे में बात कर रहे हैं। हम आरएसएस की भूमिका को भी उजागर करेंगे, हम हकीकत को पूरे देश के सामने रखेंगे। उन्होंने कहा कि पहलगाम के ये आतंकवादी चार हमलों में शामिल थे और फिर भी वे इधर-उधर घूम रहे हैं। हमारे सांसद घूम रहे हैं और आतंकवादी भी घूम रहे हैं। हम ये सवाल गंभीरता से पूछ रहे हैं।

कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि वे इन सवालों का जवाब नहीं देते हैं। भाजपा केवल कांग्रेस पार्टी को निशाना बनाती है। उनका हमला कांग्रेस पार्टी पर है, आतंकवादियों पर होना चाहिए। पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। आतंकवादियों को गिरफ्तार किया जाना चाहिए। हर दिन जो मिसाइलें दागी जा रही हैं, वे कांग्रेस पार्टी के खिलाफ दागी जा रही हैं। आतंकवादियों और विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल के बीच घृणित तुलना करने के लिए कांग्रेस पर हमला करते हुए, भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा, ्रइस तरह से कांग्रेस न केवल हमारे सैन्य हमले (ऑपरेशन सिंदूर) को चुट पुट कहकर बल्कि हमारे कूटनीतिक हमले को भी कमतर आंक रही है ्र उन्होंने आगे सवाल किया, ्रक्या संसद को उन पर कार्रवाई नहीं करनी चाहिए?

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि यह सबसे शर्मनाक, निंदनीय और बेबुनियाद बयान है। संसद की विशेषाधिकार समिति को तुरंत इसका संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए। हमारे सांसद पाकिस्तान को बेनकाब करने के लिए साझेदार देशों का दौरा कर रहे हैं और जयराम रमेश ने उनकी तुलना आतंकवादियों से की है। यह वही पार्टी है जिसने सेना प्रमुख को 'गुंडा' कहा था... ये वही लोग हैं जिन्होंने बालाकोट हवाई हमलों का सबूत मांगा था। उन्होंने बार-बार सेना का अपमान किया है। सैन्य हमले पर सवाल उठाने के बाद अब वे कूटनीतिक हमले पर सवाल उठा रहे हैं। पहले उन्होंने अपने ही सांसद शशि थरूर को घेरा और अब अपने सहयोगी सांसदों के खिलाफ यह टिप्पणी निंदनीय है। पाकिस्तान यही चाहता है। पाकिस्तान खुद को क्लीन चिट देने के लिए इस तरह के बयानों का इस्तेमाल करता है। जयराम रमेश पाकिस्तान के डीजी-आईएसपीआर की भाषा बोल रहे हैं।

## कांग्रेस नेताओं के आलोचना करने पर भड़के थरूर, तंज कसते हुए बोले- मेरे पास करने के लिए बहुत कुछ

थरूर ने सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट स्ट्राइक का जिक्र करते हुए कहा कि 'पहली बार भारत ने सर्जिकल स्ट्राइक के समय एलओसी पार कर आतंकी ठिकानों पर हमले किए। यहां तक की कारगिल की लड़ाई में भी हमने सीमापार नहीं की थी। इस बार न सिर्फ हमने सीमा पार की है बल्कि अंतरराष्ट्रीय सीमा भी पार की है। हमने पाकिस्तान के मध्य में स्थित पंजाब में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया।'

कांग्रेस नेता उदित राज ने थरूर पर उठाए सवाल– थरूर की इस टिप्पणी पर उनकी ही पार्टी के नेता उदित राज ने कहा कि 'कांग्रेस सांसद शशि थरूर भाजपा के सुपर प्रवक्ता बन गए हैं। जो भाजपा नेता नहीं कह रहे हैं, वो शशि थरूर, पीएम मोदी और सरकार के बारे में कह रहे हैं। क्या उन्हें (थरूर) पता भी है कि पिछली सरकारों ने क्या किया? वे (केंद्र सरकार) भारतीय सशस्त्र बलों का श्रेय ले रहे हैं। शशि थरूर भाजपा के प्रचार विभाग के प्रवक्ता बने हुए हैं।'

उदित राज ने कहा कि 'आप ये कहकर कांग्रेस के स्वर्णिम इतिहास को कैसे कमतर कर सकते हैं कि पीएम मोदी से पहले भारत ने कभी एलओसी पार नहीं की। 1965 की लड़ाई में भारतीय सेना लाहौर तक पहुंच गई थी। साल 1971 में कांग्रेस के समय पाकिस्तान को दो हिस्सों में बांट दिया गया था। साथ ही यूपीए सरकार के कार्यकाल में कई सर्जिकल स्ट्राइक की गईं, लेकिन उनका ढिंढोरा नहीं पीटा गया। आप पार्टी के प्रति इतने बेईमान कैसे हो सकते हैं, जिस पार्टी ने आपको इतना कुछ दिया।' कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश और वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने भी उदित राज के बयानों को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था।

अब थरूर ने दिखाया आईना– कांग्रेस नेताओं की आलोचना के निशाने पर आए शशि थरूर ने भी पलटवार किया है। उन्होंने पनामा से सोशल मीडिया पर साझा अपनी एक पोस्ट में कहा कि 'पनामा में एक लंबे और सफल दिन के बाद मुझे मध्यरात्रि में ही कोलंबिया के लिए निकलना है। इसलिए मेरे पास इस सबके के लिए समय नहीं है, लेकिन जो अतिउत्साही लोग उनके बयान की आलोचना कर रहे हैं, उन्हें बता दूं कि मैं केवल आतंकवादी हमलों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई के बारे में बात कर रहा था न कि पिछले युद्धों के बारे में। मैंने बताया कि पूर्व में आतंकी हमलों का जवाब देते हुए हमने एलओसी और अंतरराष्ट्रीय सीमा का ध्यान रखा था, लेकिन हाल के वर्षों में इस सोच में बदलाव आया है। लेकिन हमेशा की तरह ट्रोल्स और मेरे आलोचक मेरे शब्दों को तोड़-मरोड़कर पेश करेंगे, लेकिन मेरे पास ज्यादा बेहतर चीजें हैं करने के लिए। शुभरात्रि'

## एक बार जो हमने कमिट किया, फिर अपने आप की भी नहीं सुनते

हमें बात करते रहने की जरूरत है। हमें एक-दूसरे के साथ खुलने की जरूरत है। ताकि यह रिश्ता कहीं भी टूटने न पाए। 'प्राण जाय पर वचन न जाए...' रक्षा मंत्री ने आज ही यह कहा है। हमें ऐसा ही करने की जरूरत है। एक बार हमने जो कमिट कर लिया है, उसके बाद अपने आप की भी नहीं सुनता। ऐसा करने की जरूरत है।

'हम ऐसा वादा क्यों करें जो पूरा नहीं हो सकता?'-वायुसेना प्रमुख ने कहा, 'समयसीमा एक बड़ा मुद्दा है। इसलिए एक बार समयसीमा तय हो जाने के बाद मुझे लगता है कि एक भी परियोजना समय पर पूरी नहीं हुई है। इसलिए हमें इस पर गौर करना होगा। हम ऐसा वादा क्यों करें जो पूरा नहीं हो सकता? अनुबंध पर हस्ताक्षर करते समय कभी-कभी हमें यकीन होता है कि यह काम पूरा नहीं होगा, लेकिन हम अनुबंध पर हस्ताक्षर कर देते हैं।' 'अभी से भविष्य के लिए तैयार रहना होगा'- एयर चीफ मार्शल ने कहा, 'ऐसा समय था, जब हमें भारतीय उद्योग पर हमेशा संदेह रहता था कि यह वह उत्पाद नहीं दे सकता जो हम चाहते थे और हम बाहर की ओर अधिक देखते थे, लेकिन पिछले एक दशक से अधिक समय में चीजें काफी बदल गई हैं। अब दुनिया की मौजूदा स्थिति ने हमें एहसास दिलाया है कि आत्मनिर्भरता ही एकमात्र समाधान है, हमें अभी से भविष्य के लिए तैयार रहना होगा।'

'ऑपरेशन सिंदूर एक राष्ट्रीय जीत'- सीआईआई वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन 2025 को संबोधित करते हुए एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा, 'मैं ऑपरेशन सिंदूर को रिकॉर्ड में रखना चाहता हूं, जिसके बारे में हम बात कर रहे हैं। यह एक राष्ट्रीय जीत है। मैं यहां मौजूद हर भारतीय को धन्यवाद देता हूं। मुझे यकीन है कि हर भारतीय ने इस जीत में योगदान दिया है। जैसा कि बार-बार कहा गया है, यह एक ऐसा ऑपरेशन था, जिसे सभी एजेंसियों, सभी बलों की ओर से बहुत ही पेशेवर तरीके से अंजाम दिया गया था। हम सभी एक साथ आए और जब सच्चाई एक साथ होती है, तो सब कुछ अपने आप हो जाता है।' उन्होंने कहा, 'जब हम एक राष्ट्र की बात करते हैं तो इसमें हम सभी सेना, नौसेना, वायु सेना, विभिन्न एजेंसियां, उद्योग, डीआरडीओ एक बड़ी श्रृंखला की कड़ी हैं। हम सभी को यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारा समूह, जिससे मैं संबंधित हूं, वह कमजोर समूह न हो जिसके कारण यह श्रृंखला टूट जाए।' 'ऑपरेशन सिंदूर ने हमें बताया कि भविष्य में हमें क्या चाहिए'-वायुसेना प्रमुख कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर जैसा कि नौसेना प्रमुख ने कहा था, युद्ध का चरित्र बदल रहा है। हर दिन हम नई तकनीकें खोज रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर ने हमें यह स्पष्ट रूप से बताया है कि हम किस दिशा में जा रहे हैं और भविष्य में हमें क्या चाहिए। इसलिए अपनी स्वयं की विचार प्रक्रियाओं को फिर से तय करने के लिए बहुत काम करने की आवश्यकता है, जो पहले से ही चल रही है। भविष्य में भी हम एक राष्ट्र के रूप में माल वितरित करने में सक्षम होंगे और हम अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में सक्षम होंगे। अटउअ- उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान को निजी उद्योग की भागीदारी के लिए भी मंजूरी दे दी गई है, जो एक बहुत बड़ा कदम है। यह उस तरह का विश्वास है जो आज देश को निजी उद्योग पर है और मुझे यकीन है कि यह भविष्य में आने वाली बड़ी चीजों का मार्ग प्रशस्त करेगा।'

## 'अगर हिम्मत है, तो कल चुनाव में उतरें'

जब विपक्ष देश का प्रतिनिधित्व कर रहा है...उनकी मौजूदगी में उनके मंत्री ने कहा कि वे ऑपरेशन बंगाल करेंगे, ऑपरेशन सिंदूर की तरह। मैं उन्हें चुनौती देती हूं-अगर उनमें हिम्मत है, तो कल चुनाव में उतरें, हम तैयार हैं और बंगाल आपकी चुनौती स्वीकार करने के लिए तैयार है। लेकिन कृपया याद रखें, समय एक कारक है। आपको समय याद रखना चाहिए। हमारे प्रतिनिधि अभिषेक बनर्जी भी टीम में हैं और वे हर दिन आतंकवाद के खिलाफ, आतंक के खिलाफ बोल रहे हैं। और आप बंगाल सरकार की आलोचना कर रहे हैं, जो आपको पूरा समर्थन दे रही है, देश की रक्षा कर रही है। आप सरकार पर आरोप लगा रहे हैं और आप इस समय विपक्ष को दोष देना चाहते हैं, भाजपा जुमला पार्टी के नेता की तरह चीजों का राजनीतिकरण करना चाहते हैं। वे देश को लूटते हैं और भाग जाते हैं। इस तरह से बात करना अच्छा नहीं लगता।

वहीं, टीएमसी ने गुरुवार को कहा कि केंद्र सरकार इधर-उधर के मुद्दों में लोगों का ध्यान भटकाकर अपनी विफलताओं को छिपा रही है। साथ ही टीएमसी ने पश्चिम बंगाल को प्रभावित करने वाले संकटों के बारे में पीएम की टिप्पणियों के जवाब में पांच सवाल भी पूछे।

टीएमसी ने महिला सुरक्षा, युवाओं को रोजगार और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर घेरा-सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में टीएमसी ने पीएम मोदी से कहा कि वे पहले मणिपुर में स्थितियों को सामान्य करें, जहां बीते दो साल से भी ज्यादा समय से कानून-व्यवस्था पटरी से उतरी हुई है। इसके साथ ही टीएमसी ने कहा कि पीएम मोदी के राज्य में महिला सुरक्षा की क्या स्थिति है, उन्नाव से हाथरस तक के मामलों पर भाजपा का ट्रैक रिकॉर्ड चुप्पी से भरा हुआ है। आगे टीएमसी ने पेपर लीक की बात करते हुए कहा कि इससे युवाओं में निराशा है। भाजपा ने छात्रों को पेपर लीक, ठएएळ घोटाला और 45 प्रतिशत बेरोजगारी का राष्ट्रीय उपहार दिया है। अपने पोस्ट में टीएमसी ने आगे भाजपा पर भ्रष्टाचार का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आपकी आधी कैबिनेट जमानत पर है।

आगे टीएमसी ने मोदी सरकार पर प्रतिशोध की राजनीति का आरोप भी लगाया। टीएमसी ने कहा कि इसी नीति के कारण बंगाल को मनरेगा और आवास योजना के फंड से वंचित किया गया। पीएम मोदी ने बंगाल सरकार पर कसा था तंज-इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल की धरती पर सत्तारूढ़ ममता बनर्जी की सरकार को जमकर घेरा था। अलीपुरद्वार में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने तृणमूल कांग्रेस के शासन पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि मुर्शिदाबाद में जो कुछ हुआ... मालदा में जो कुछ हुआ... वो यहां की ळटउ सरकार की निर्ममता का उदाहरण है। बंगाल की जनता को अब ळटउ सरकार के सिस्टम पर भरोसा नहीं है। यहां की जनता के पास अब सिर्फ कोर्ट का ही आसरा है। इसलिए पूरा बंगाल कह रहा है- बंगाल में मची चीख-पुकार, नहीं चाहिए निर्मम सरकार!

# पुण्यतिथि पर किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह को किया याद

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

बागपत। रालोद कार्यकताओं ने किसान मसीहा एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि मनाई।

वह जिला पंचायत कार्यालय बागपत में पहुंचे और उन्होंने यहां पर लगी चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर फूल माला पहनाकर उन्हें नमन किया और अपनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर रालोद वरिष्ठ नेता ओमवीर ढाका ने कहा कि चौधरी चरण सिंह जी की पहचान देश के प्रधानमंत्री रहते हुए भी किसान के रूप में ही रही। वे जीवन पर्यन्त किसानों के उत्थान के लिए प्रयासरत रहे। यही



कारण है कि उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान किसानों के जीवन को बेहतर बनाने का हर संभव प्रयास किया। चौधरी चरण सिंह का मानना था कि किसान जब खेत में मेहनत करके अनाज पैदा करते हैं, तभी वह हमारी थालियों तक पहुंच पाता है। ऐसे में किसानों का सम्मान करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री सदैव किसानों के हितैषी रहे और उन्हें किसानों के मसीहा के तौर पर भी जाना जाता है। उन्होंने कहा कि उनके बताए मार्ग पर चलकर हम सब उनको सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं। इस मौके पर श्याम सिंह खोखर, योगेंद्र खोखर, कुंवरपाल हुड्डा, विक्रम पंचाल, सचिन, राजेंद्र आदि मौजूद रहे।

# सेंट एंजिलिस में फ़्लैग टेबल टेनिस प्रतियोगिता

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

बागपत। सेंट एंजेल्स में चल रहे समर कैंप के चौथे दिन के स्कूल की टेबल और टेनिस कोर्ट के फुटबॉल खिलाड़ी।

इसके अतिरिक्त पूल पार्टी, डांसिंग, पेंटिंग, मार्शल आर्ट, फैन गेम्स सहित विभिन्न प्रकार के खेल और मनोरंजन मनोरंजन में बच्चों ने बड़े-बड़े कर प्रतिभाग और अपने स्ट्रेट स्केल को उभारा। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक अजय गोयल ने बताया कि खेल एवं मनोरंजन में प्रतिभा दिखाने से बच्चों का भरपूर मनोरंजन होता है और उनकी शारीरिक, मानसिक एवं संवेदी क्षमता का भी विकास होता है। समर



कैंप में अनुप्रिया, अशफा, हर्षित, लावण्या, मान्या, मंसा, नंदनी,प्रज्ञा, प्राची, लिपिका, वंशिका, प्रियान्शी, अदिति, सबा, सारिका, सृष्टि, वैशाली, विधि, यशिका, कनिका, उर्वी, अविका, तनवी, खुशी, आर्य, अनमोल, अरव, आदर्श, अध्ययन, आदित्य, दीपक, हर्षित, हुमाम, यश, युग प्रिन्स, सादिक, सार्थक, शोर्य, स्पर्श, वीर, , लक्ष्य, प्रशांत, सप्तमी, विशाल, देव, अंश, अवि, अयान, अरमान, शिवम्, ध्रुव, अक्षत, अथर, यश, कृष्ण, प्रणव, गौरवित, आदि छात्र - तीक्ष्णविद्या ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर बबलेश, आदित्य, राजीव, अक्षय, अजित, सचिन, गौरव, अमित, सुमित, गीता, निधि, ममता, सुमन, ज्योति, भावना, उमा, शालू आदि शिक्षक और शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा है।

# चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि एवं हेल्थ इज वेल्थ कार्यक्रम का आयोजन



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**

बागपत। कोताना रोड स्थित अखिल भारतीय जाट एकता एसोसिएशन (अइखएअ) जिला कार्यालय, बड़ौत में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यशपाल शास्त्री ने की। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की एवं उन्हें याद करते हुए वक्ताओं ने उन्हें धरतीपुत्र, गरीबों का मसीहा, मजदूरों और वंचितों के सच्चे हितैषी के रूप में स्मरण किया।

इस अवसर पर हेल्थ इज वेल्थ विषय पर एक विशिष्ट कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, जिसमें दिल्ली की विशेषज्ञ टीम द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। वेलनेस कोच वीर सिंह, कांता प्रिया चड्ढा, सुनीता वीणा और तमन्ना के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों का हेल्थ एनालिसिस किया गया।

इस कार्यक्रम में युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने भाग लिया और अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। जांच में बीपी, शुगर, बीएमआई, वजन, थाइरॉइड, वर्कआउट गाइडेंस जैसी सेवाएं प्रदान की गईं।

कार्यक्रम में संगठन के विभिन्न पदाधिकारी और समाजसेवी उपस्थित रहे, जिनमें मंडल अध्यक्ष राजीव चौधरी, मुख्य जिला अध्यक्ष (बागपत) अरविंद तोमर, जिला अध्यक्ष (सरकारी कर्मचारी) देशपाल तोमर, युवा जिला अध्यक्ष विकास तोमर, वरिष्ठ समाजसेवी पंकज खोखर (हलालपुर), विवेक बालियान, हरपाल सिंह तोमर, मास्टर विक्रम सिंह, अनिल सरोहा, दीपेश, डॉक्टर धर्मेंद्र, रोहित, मास्टर नीरज राणा, मास्टर शिवराज सिंह, राजेंद्र सिंह, नरेश, मेंबर विकास तोमर, चिरायुष और उज्जवल बालियान आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# मोदीनगर में महिलाओं का ओवरलोड वाहनों के खिलाफ प्रदर्शन, अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी

**नेशनल प्रेस टाइम्स ,ब्यूरो।**

मोदीनगर। मंगलविहार कॉलोनी की महिलाओं ने ओवरलोड वाहनों की समस्या को लेकर तहसील कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। महिलाओं ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे अनिश्चितकालीन धरना शुरू करेंगी।

प्रदर्शनकारी महिलाओं का आरोप है कि जब वे इन ओवरलोड वाहनों का विरोध करती हैं तो चालक अभद्रता पर उतर आते हैं और उनके परिवारों के साथ भी दुर्व्यवहार किया जाता है। उन्होंने बताया कि मंगलविहार कॉलोनी के पीछे



स्थित श्रीराम कुंज कॉलोनी में अवैध तरीके से मिट्टी और अन्य निर्माण सामग्री पहुंचाने के लिए भारी वाहन लगातार इसी कॉलोनी से होकर गुजरते हैं, जिससे सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही हैं और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है।

महिलाओं ने यह भी आरोप लगाया कि श्रीराम कुंज कॉलोनी जीडीए से पास नहीं है और फिर भी वहां अवैध निर्माण कार्य जारी है। ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रालियों की आवाजाही से पूरे क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम ने जांच और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# पति की प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने बदला धर्म, निदा खान बनीं, वैदेही सिसोदिया





**नेशनल प्रेस टाइम्स ,ब्यूरो**

गाजियाबाद। दिल्ली की रहने वाली एक मुस्लिम महिला ने गाजियाबाद में इस्लाम छोड़कर सनातन धर्म अपना लिया है पति की प्रताड़ना और धोखाधड़ी से परेशान होकर गाजियाबाद के पंचवटी इलाके स्थित एक शिव मंदिर में धर्म परिवर्तन कर लिया। महिला, जो अब वैदेही सिसोदिया के नाम से जानी जाएंगी, ने बताया कि उन्होंने नवंबर 2024 में दादरी निवासी मोहसिन सैफी से प्रेम विवाह किया था। लेकिन शादी के बाद उन्हें पता चला कि मोहसिन पहले से शादीशुदा है और उसने अपनी उम्र भी छुपाई थी।

जब उन्होंने इस धोखाधड़ी पर आपत्ति जताई तो पति ने न सिर्फ मारपीट की बल्कि जान से मारने और टुकड़े-टुकड़े करने की धमकी भी दी। महिला का आरोप है कि उन्होंने समाज, परिवार और दोस्तों से मदद की गुहार लगाई, लेकिन कोई सहायता नहीं मिली। मानसिक दबाव में आकर उन्होंने आत्महत्या की कोशिश भी की। उसी दौरान उनकी मकान मालकिन ने उन्हें रेखा सिसोदिया से मिलवाया, जिनके परिवार ने महिला को अपने संरक्षण में लिया। सिसोदिया दंपति के संपर्क में आने के बाद महिला ने धर्म परिवर्तन का निर्णय लिया। पंचवटी कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत रूप से उन्होंने हिंदू धर्म स्वीकार कर लिया।

धर्म परिवर्तन के बाद उन्होंने अपना नाम निदा खान से बदलकर वैदेही सिसोदिया रख लिया है।

# मेरठ में मिला इस सीजन में कोरोना का पहला मरीज, जागृति विहार की निवासी, पूरे परिवार की होगी जांच

**नेशनल प्रेस टाइम्स ,ब्यूरो**

मेरठ । जागृति विहार की रहने वाली 26 साल की युवती दिल्ली से आई, तो उसकी तबियत खराब हो गई। जांच कराने पर कोरोना की पुष्टि की गई।

मेरठ में भी कोरोना की आमद हो गई है। जागृति विहार की रहने वाली 26 वर्षीय युवती को कोरोना की पुष्टि हुई है। हाल ही में दिल्ली से जागृति विहार अपने घर आई थीं। तबीयत बिगड़ने पर उन्होंने कोरोना की जांच कराई। ‸मेडिकल कॉलेज की माइक्रोबायोलॉजी लैब में बृहस्पतिवार को उनकी जांच हुई, जिसमें कोरोना की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग की टीम उनके परिवार के अन्य लोगों के भी सैंपल लेकर उनकी जांच कराएगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल युवती को घर पर ही रहकर इलाज करने के लिए कहा गया है।

# नाहल में पुलिस ने 11 और संदिग्धों को पकड़ा

गाजियाबाद। नाहल गांव में पुलिस टीम पर हमले व नोएडा के फेस-तीन थाने के सिपाही सौरभ देशवाल की जान जाने के मामले में पुलिस ने 11 और संदिग्धों को हिरासत में लिया है। हत्यारोपियों की तलाश में मंगलवार की देर रात देहात जोन के आठ थानों की पुलिस के करीब 140 पुलिसकर्मियों ने 10 अलग-अलग टीमें बनाकर दबिश दी। करीब ढाई घंटे चली कारवाई में पकड़े गए लोगों से पुलिस टीम पर हमला करने वालों के बारे में पूछताछ की गई। सभी का शांतिभंग में चालान करने के साथ ही आपराधिक रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है। डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि 25 मई को हुए हमले में सीसीटीवी फुटेज और घटनास्थल की वायरल वीडियो के आधार पर आठ लोगों को चिह्नित किया गया है। इनमें हिस्ट्रीशीटर कादिर उर्फ मंटर का छोटा भाई आदिल भी शामिल है।

# सपा जिलाध्यक्ष ने अपनी ही पार्टी के नेताओं को बताया चोर, शाहिद मंजूर, अतुल प्रधान समेत इनका लिया नाम

मेरठ । सपा कार्यालय में बुधवार को समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इसमें पूर्व मंत्री जुगल किशोर शामिल हुए। बड़े नेताओं के न आने पर जिलाध्यक्ष विपिन चौधरी ने आपा खो दिया और अनुचित शब्दों का प्रयोग किया।

सपा जिलाध्यक्ष विपिन चौधरी ने बुधवार को हुई समीक्षा बैठक में पार्टी के नेताओं को चोर कह दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी के कद्दावर नेता बैठक में



नहीं आते हैं और सभी विधानसभा में टिकटों के बड़े-बड़े दावा करते हैं।

विधायक शाहिद मंजूर, अतुल प्रधान, रफीक अंसारी के अलावा मुकेश सिद्धार्थ, योगेश वर्मा, प्रभु दयाल वाल्मीकि, सम्राट मलिक और बाबर खरदौनी सहित कई नेताओं के नाम लेकर बैठक में न आने पर टिप्पणी की। बोले- यह दिल्ली और लखनऊ के नेता हैं, पार्टी की बैठक में इनको शर्म लगती है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आते ही अपना चेहरा दिखाने के लिए आ जाते हैं।

समाजवादी पार्टी कार्यालय पर बुधवार को हुई समीक्षा बैठक में पहुंचे पूर्व मंत्री जुगल किशोर वाल्मीकि के सामने ही ये बातें कहीं गईं। बैठक में कुल 25-30 कार्यकर्ता देखकर सपा जिलाध्यक्ष विपिन चौधरी ने माइक ले लिया और वरिष्ठ नेताओं के बारे में बोलते हुए आपा खो दिया है।

उन्होंने कहा कि यहां सड़क पर संघर्ष करने वाले समाजवादियों की लाइन अलग है और दिखावे वालों की अलग है। टिकट मांगने और लखनऊ-दिल्ली की राजनीति करने वाले नेताओं की अलग लाइन है। इसलिए संगठन के लिए सड़क पर रहकर संघर्ष करने वालों को मौका मिलना चाहिए। टिकट के दावेदार बैठकों से गायब रहते हैं। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और अन्य पदों पर बैठे नेता यहां पहुंचे नहीं हैं। विपिन चौधरी ने नेताओं को चोर तक कह दिया। इसे लेकर पार्टी के नेताओं में काफी देर तक गहमागहमी का माहौल रहा।

# कंकरखेड़ा रेलवे अंडरपास में जलभराव, 30 हजार लोग प्रभावित, ठप हो गया व्यापारियों का कारोबार

मेरठ । जब भी बारिश होती है, तो इस अंडरपास में कई दिनों तक पानी भरा रहता है। निकासी की उचित व्यवस्था नहीं है। पैदल तो क्या वाहन चालकों का निकलना तक दूभर हो जाता है। कैंट स्टेशन के निकट सरधना रोड रेलवे लाइन अंडरपास में जलभराव ने एक बार फिर स्थानीय लोगों और व्यापारियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। 24 मई को हुई बारिश के पांच दिन बाद भी अंडरपास में पानी भरा है। पैदल तो क्या, वाहनों से भी लोग अंडरपास से नहीं गुजर पा रहे हैं। कंकरखेड़ा के गोविंदपुरी, सुभाषपुरी, गुरु नानक बाजार, नटेशपुरम सहित 12 इलाकों के 30 हजार से अधिक लोग प्रभावित हैं। अंडरपास में जलभराव से जनजीवन ही अस्तव्यस्त नहीं है, बल्कि व्यापारियों का कारोबार भी प्रभावित हो गया है। इस अंडरपास से कई कालोनियों के लोग बाजार में खरीददारी करने पहुंचते हैं, जो अब नहीं पहुंच रहे हैं। वहीं स्थानीय लोगों से बात की। कंकरखेड़ा निवासी शुभम, अनिल और अंकित ने कहा कि अंडरपास बनते समय ही यह आशंका जताई गई थी कि यह एक दिन जनता के लिए परेशानी का सबब बनेगा। वही आज झेलना पड़ रहा है। डिफेंस एन्क्लेव के अध्यक्ष सुदेश राणा, ठा. ओपी सिंह और गणेश अग्रवाल ने कहा कि अंडरपास न बनाने के लिए रेलवे अधिकारियों से कई बार वार्ता की, लेकिन किसी ने एक नहीं सुनी। रेलवे लाइन के नीचे बने अंडरपास कहीं पर भी कामयाब नहीं हैं।

# वीर सावरकर जयंती पर हिन्दू युवा वाहिनी ने आयोजित की श्रद्धांजलि सभा

**नेशनल प्रेस टाइम्स ,ब्यूरो।**

मुरादनगर। महान स्वतंत्रता सेनानी, प्रखर राष्ट्रवादी और क्रांतिकारी विचारक वीर विनायक दामोदर सावरकर की जयंती के अवसर पर हिन्दू युवा वाहिनी के तत्वावधान में हिन्दू भवन स्थित कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सावरकर जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देने के साथ हुआ। वक्ताओं ने उनके त्याग, बलिदान, स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान तथा सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध उनके संघर्षों को याद करते हुए कहा कि सावरकर केवल



एक क्रांतिकारी ही नहीं, बल्कि एक विचारधारा थे, जिन्होंने राष्ट्रवाद को एक नई दिशा दी। सभा को संबोधित करते हुए हिन्दू युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष आयुष त्यागी ने कहा, वीर सावरकर का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने जिस समर्पण और साहस से देश की सेवा की, वह अद्वितीय है। आज का युवा वर्ग यदि उनके दिखाए मार्ग पर चले तो भारत को पुनः विश्वगुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता।

कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष सुशील प्रजापति, ब्लॉक अध्यक्ष निशांत त्यागी, नगर सह प्रभारी हरित खटीक, नगर उपाध्यक्ष मोनू त्यागी, शुभम त्यागी, यश शर्मा, शिवम् त्यागी, श्याम शर्मा, हर्ष त्यागी, कोषाध्यक्ष बब्लू प्रजापति, बिरजू योगी सेवक, के.डी. त्यागी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दि स्मृति पर भव्य आयोजन

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

बागपत। बिनौली क्षेत्र के तेड़ा गांव स्थित शिव मंदिर में गुरुवार को राजमाता अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दि स्मृति अभियान के अंतर्गत एक भव्य व प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, सामाजिक कार्यकर्ता, महिला प्रतिनिधि एवं युवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सामाजिक समरसता गतिविधि के प्रांत संयोजक यशपाल सोलंकी ने अपने विचार रखते हुए कहा,

ह्लरानी अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास की उन गिनी–चुनी शासिकाओं में से थीं, जिन्होंने अपने



जीवन को आध्यात्म, सेवा, संयम और सादगी के उच्चतम स्तर पर जीया। वे सुशासन का आदर्श उदाहरण थीं। उनके निर्णयों में नीति, करुणा और न्याय का संतुलन था।

विशिष्ट अतिथि सामाजिक समरसता के विभाग संयोजक डॉ. मनोज विश्नोई ने कह कि वह नारी नेतृत्व की प्रतीक थीं, जिनके निर्णय धर्म और जनकल्याण के आधार पर आधारित थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महामंडलेश्वर कीर्ति गिरी महाराज ने की ,कार्यक्रम का सफल संचालन जिला सह संयोजक विपिन तोमर ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रमुख सुधीर तोमर, महिला प्रमुख सरिता, विश्वबंधु शास्त्री, डॉ. राजीव गुप्ता, डॉ. संदीप शर्मा, सत्यबीर सिंह बड़का, विमला, गीता, शोभा, डॉ. सुखदेव, शारदा, महिपाल सिंह, नरेन्द्र सिंह, ओमवती, अरुण अरोड़ा, मुकेश शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने यह संकल्प लिया कि वे अपने जीवन में अहिल्याबाई होल्कर के जीवन मूल्यों सेवा, सादगी, समर्पण और धर्मनिष्ठा को स्थान देंगे और समाज में समरसता एवं नारी सशक्तिकरण के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

# संपादकीय

## भारतीय प्रतिभाओं की राह में रोड़े

अपने बेतुके फैसलों व टैरिफ वार से तमाम अर्थव्यवस्थाओं को हिलाने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की वक्र दृष्टि अब अमेरिका के नामी-गिरामी विश्वविद्यालयों पर भी पड़ी है। दुनिया का सबसे पुराना लोकतंत्र होने का दंभ भरने वाले अमेरिका में विश्वविद्यालय परिसरों में लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति का गला घोंटा जा रहा है। अब अमेरिका में उच्च शिक्षा का सपना देखने वाले भारत व दुनिया के तमाम देशों के छात्रों के लिये ट्रंप प्रशासन ने मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। हाल के दिनों में प्रतिष्ठित हार्वर्ड विश्वविद्यालयों पर मनमाने फैसले थोपे व कई तरह के प्रतिबंध लगाए गए, जो विश्वविद्यालयों के परिसरों में अभिव्यक्ति की आजादी पर नकेल कसने की ही कवायद थी। दलील दी गई कि फलस्तीन का समर्थन करने वाले छात्र-छात्राओं की सूचना ट्रंप प्रशासन को दी जाए। इन्हीं बंदिशों के बाद अब ट्रंप सरकार ने दुनियाभर के अपने दूतावासों को स्टूडेंट वीजा की प्रक्रिया बंद करने का आदेश दिया है। ट्रंप सरकार की दलील है कि पहले आवेदक छात्रों के सोशल मीडिया अकाउंट की गहरी जांच की जाएगी। इस योजना पर काम चल रहा है। दरअसल, अमेरिकी सरकार द्वारा स्टूडेंट वीजा के लिये आवेदन करने वाले छात्रों की सोशल मीडिया गतिविधियों की गहन जांच तेज की जाएगी। इस फैसले से भारत समेत तमाम देशों के छात्रों की अमेरिकी विश्वविद्यालयों में पढ़ाई के सपने को आंच आ सकती है। अमेरिका सरकार इसके माध्यम से उन छात्रों के आवेदन को खारिज करने की तैयारी में है जिनके सोशल मीडिया अकाउंट में ट्रंप या अमेरिका की नीतियों की आलोचना की सामग्री होगी। जाहिर है ऐसे छात्रों को अमेरिका के विश्वविद्यालयों में दाखिला नहीं दिया जाएगा। एक अनुमान के मुताबिक साल 2023-24 में करीब तीन लाख से अधिक भारतीय छात्र अध्ययनरत थे। अपने सपनों को पूरा करने के लिये हजारों भारतीय प्रतिभाएं हर साल अमेरिका का रुख करती हैं। अमेरिका के इस फैसले से उन छात्रों को दिक्कत होगी जो इस साल अगस्त से शुरू होने वाले सत्र का हिस्सा बनना चाह रहे थे। दरअसल, अमेरिका सरकार द्वारा अपने दूतावासों को कहा गया है कि वीजा के लिये पेश किए गए नये आवेदनों को रोक दें। उन पर सोशल मीडिया खातों की जांच के बाद ही कोई निर्णय लिया जा सकेगा। यहां उल्लेखनीय है कि ट्रंप प्रशासन ने अमेरिकी विश्वविद्यालयों में पहले से पढ़ रहे सैकड़ों छात्रों के वीजा इस आरोप के बाद निरस्त कर दिए कि उन्होंने इस्राइल विरोधी आंदोलन में शिरकत की थी। इनमें वे छात्र भी शामिल थे जिन्होंने अपने सोशल मीडिया अकांउट पर फलस्तीनियों के पक्ष में पोस्ट डाली थी। सरकार की दलील थी कि इन छात्रों को पढ़ाई के लिये वीजा मिला था न कि राजनीतिक मुद्दों में सक्रियता के लिये। उल्लेखनीय है कि कई भारतीय छात्र भी इस फैसले की चपेट में आए हैं। इसके चलते ही अमेरिकी दूतावासों को वीजा आवेदन करने वालों के सोशल अकाउंट की स्क्रीनिंग के आदेश दिए गए हैं। जांच के बाद छात्रों की गतिविधियों में अमेरिकी नीतियों का विरोध न होने पर वीजा दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस स्क्रीनिंग में इंस्टाग्राम, फेसबुक, एक्स, लिंक्डइन, टिकटॉक आदि सोशल मीडिया अकाउंट को शामिल किया गया है। इतना ही नहीं, वीजा पर सख्ती के अलावा पहले से अमेरिका में पढ़ रहे छात्रों के लिये नियम सख्त किए जा रहे हैं। यहां तक चेतावनी दी गई है कि नियमित कक्षाओं में न जाने वाले तथा ड्राप आउट का विकल्प चुनने वाले छात्रों के वीजा भी रद्द किए जा सकते हैं। उन्हें अपने सोशल मीडिया अकाउंट में अमेरिकी नीतियों की आलोचना करने से बचने की नसीहत दी गई है। दलील दी जा रही है कि राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने वाले पोस्ट सोशल मीडिया पर डालने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, ट्रंप की विश्वविद्यालयों के आजादी में दखल के खिलाफ प्रतिरोध के सुर भी अमेरिका में उभर रहे हैं। कई अदालतों ने विश्वविद्यालयों के पक्ष में स्थगन आदेश दिए हैं। अपने फैसलों की किरकिरी होते देख ही ट्रंप प्रशासन ने आने वाले छात्रों के लिये सख्त नियम लागू किए हैं। साथ ही कई विश्वविद्यालयों की आर्थिक मदद भी रोकी है। बहरहाल, विवाद का कोई समाधान फिलहाल नजर नहीं आता।

# मैं बागपत हूँ - खंड 17 बागपत हूँ मैं



सुरेन्द्र मलानिया, नेशनल प्रेस टाईम्स

### लेखक के दो शब्द

कुछ पाठक इतने मोहब्बती हैं कि अगले खंड की मांग ऐसी करते हैं जैसे गली के नुक्कड़ पर गरमा-गरम जलेबी देर से तली जा रही हो। दिल भर आता है जब कोई लिखता है - ₹मलानिया जी, अब अगला खंड कब आ रहा है? जैसे कि ये लेख नहीं, उनके गांव की पुरानी तिजोरी की चाबी हो!

प्यारे पाठकों,

आपका जो स्नेह और उत्सुकता मुझे मिली है, वह कलम को कश्ती और भावनाओं को बहाव देती है।

आपके विचार, संदेश और फोन कॉल्स - हर चीज ने साबित किया कि ₹मैं बागपत हूँ₹ अब सिर्फ एक लेख नहीं, जन-जन की आत्मकथा बन चुका है।और असली धन्यवाद तो ₹नेशनल प्रेस टाइम्स₹ का बनता है, जिन्होंने न तो लेख काटे, न भावना छांटी बल्कि पूरा दिल लगाकर इस श्रंखला को पाठकों के हृदय तक पहुँचाया। खंड 1 से 16 तक की यात्रा - संक्षेप मेंखंड 1 - बरनावा लाक्षागृह का धुआं, आज भी महाभारत की साजिशों को जिन्दा रखता है।खंड 2 - सिनौली\ रथों की खुदाई नहीं, पूरी सभ्यता का उठ खड़ा होना है।खंड 3 - अमीननगर सराय

मुगलकालीन सांस्कृतिक संगम, आज भी अपनी सरायों में इतिहास सहेजे हुए है।खंड 4 - माया त्यागी कांड न्याय की आवाज एक महिला से शुरू होकर पूरे देश में गूंज बनी।खंड 5 - चौधरी चरण सिंह और बागपत

खेती-बाड़ी से उठकर दिल्ली के सिंहासन तक पहुँचे एक किसान की गाथा।खंड 6 - बसौद\ जहां दिल्ली चलो₹ की हुंकार फांसी के फंदों से भी ऊँची निकली।खंड 7 - बिजरौल बाबा शाहमल का गांव, जिससे फिरंगियों की नींद उड़ जाया करती थी।खंड 8 - बागपत की महागाथा जहां ईंटें भी बोलती हैं, और गलियां इतिहास गाती हैं।खंड 9 - मलकपुर पहलवानों की भूमि, जिन्होंने अखाड़ों में देश की शान बढ़ाई।खंड 10 - जौहड़ी

जहां 60 साल की उम्र में निशानेबाजियां शुरू हुईं, और




बेटियां गोल्ड ले आईं।खंड 11 - कोताना1857 की गूंज और हिंदू-मुस्लिम एकता का जीवंत प्रतीक, मुशर्रफ की जड़ें भी यहीं से जुड़ीं।खंड 12 - तिलवाड़ा खुदाई में मिले महाभारतकालीन अवशेष, और ग्राम्य एकता की अद्भुत मिसाल।खंड 13 - खेकड़ा

जहां हथकरघे की टक-टक से आत्मनिर्भरता की बुनाई होती थी।खंड 14 - बिनौली महाभारत के समय से अग्रणी, जहां इतिहास कंधे पर बैठकर चलता है।खंड 15 - टयौढी जहां गंगा बिशन जैसे जांबाज और श्रीचंद 'रावण' जैसे जनकवि ने जन्म लिया।खंड 16 - दोघट 1857 में भावनात्मक गुप्त देश प्रेम और विशेष सहयोगअब खंड 17 सरूरपुर कला - इतिहास, आस्था और शौर्य का संगमबागपत तहसील के अंतर्गत स्थित यह गांव, 709इ हाइवे पर स्थित एक सामान्य सा दिखने वाला गांव नहीं,बल्कि 1857 की क्रांति से लेकर आज तक देश सेवा और भक्ति का एक ऐतिहासिक प्रतीक है।1857 की क्रांति में योगदान - क्रांति की लपटों में तपे नामजब 1857 की पहली स्वतंत्रता की चिंगारी जल उठी, तो सरूरपुर कला के वीरों ने उसे ज्वाला बना दिया।ऐसे कई नाम हैं जो इतिहास के पन्नों में दर्ज नहीं हो पाए, पर गांव की यादों में अमर हैं:बाबा रामसिंह - जिन्होंने ब्रिटिश अफसर के घोड़े को रातों रात चुरा कर विद्रोहियों को सौंपा।चौधरी नत्थू सिंह - जिन्होंने गांव-गांव जाकर युवाओं को संगठित किया।हकीम अब्दुल रहीम - जिन्होंने हिंदू-मुस्लिम एकता को बनाये रखते हुए क्रांतिकारियों का इलाज किया।पंडित सत्ते शास्त्री - गांव के बुजुर्ग ब्राह्मण, जिन्होंने लाठी और मंत्र दोनों से प्रेरणा दी।नवाब अली - कोताना से रिश्तेदारी रखते थे, जिन्होंने असलहों की आपूर्ति -में मदद की।रूपा राठी और लालमन - इन दो युवाओं ने ब्रिटिश सेना के आने की सूचना भेजने के लिए जान की बाजी लगा दी।> इनका कोई स्मारक नहीं, लेकिन गांव की हवाओं में आज भी इनके किस्से बहते हैं।गुफा बाबा का मंदिर - भक्ति और विश्वास का केन्द्रगांव में स्थित प्राचीन गुफा बाबा मंदिर कोई साधारण धार्मिक स्थल नहीं,

बल्कि आस्था की वह जड़ है, जो हर पीढ़ी को एकजुट करती है।हर शनिवार और रविवार, देशभर से श्रद्धालु यहां आते हैं।प्रसाद चढ़ाते हैं, मन्नतें मांगते हैं, और जीवन में नयी आशा लेकर लौटते हैं।ऐसा माना जाता है कि यहाँ जो सच्चे दिल से प्रार्थना करता है, उसकी पुकार गुफा बाबा तक अवश्य पहुँचती है।देश सेवा - जहां हर घर में वीर जन्म लेते हैंसरूरपुर कला की मिट्टी में नमी नहीं... बलिदान का पसीना और वचन का पौरुष घुला है।सेना में सैकड़ों जवानपुलिस और अर्धसैनिक बलों में भारी संख्या में सेवाएंयह गांव खुद को ₹वदीर्धारी गांव₹ कह सकता है, क्योंकि यहां की युवाशक्ति राष्ट्र की रक्षा में तत्पर रहती है। तिरंगे की छांव में जवानों की परछाई, और गुफा बाबा के आशीर्वाद में मां की दुआएं - यही है सरूरपुर कला।₹संक्षेप में - एक गांव, अनेक पहचानक्षेत्र विशेषत इतिहास 1857 के कई गुमनाम लेकिन महान सेनानियों की भूमि भक्ति गुफा बाबा का मंदिर - आस्था का महाकेंद्र देशसेवा भारी संख्या में सेना व पुलिस में सेवाएं सामाजिकता हिन्दू-मुस्लिम एकता, भाईचारे की परंपरासरूरपुर कला सिर्फ एक गांव नहीं, यह एक गीत है, जो हर उस दिल में बजता है,जो देश, धर्म और ध्वज से प्यार करता है।मैं बागपत हूँड्ड और आज गर्व से कहता हूँ मुझे सरूरपुर कला जैसा गांव भी अपने सीने में धड़कता हुआ मिला है।

# लोकतंत्र की राह में शरीफ-सेना गठजोड़ का रोड़ा

शाहबाज शरीफ के फंदे ऑपरेशन सिंदूर को लेकर हुए भ्रामक प्रचार के बाद मजबूत हुए हैं। सेना से हुई डील ने शाहबाज शरीफ की कुर्सी मजबूत कर दी, यह पाकिस्तान में विपक्ष के लिए चिंता का सबब है। ऐसे में इमरान खान की जेल से मुक्ति की राह और मुश्किल हुई है।

इमरान खान, अभी भी पाकिस्तान में सलाखों के पीछे हैं। कब बाहर आएंगे? कहना कठिन है। उनके कई समर्थक मानते हैं कि इमरान पर राजनीति प्रेरित आरोप लगाए गए हैं। उन्हें जनवरी, 2025 में 14 साल की जेल की सजा सुनाई गई थी, जिसके कारण उन्हें सुलह वार्ता छोड़नी पड़ी थी, जो वह और उनकी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी (पीटीआई) उस समय सरकार के साथ कर रही थी। शाहबाज शरीफ के फंदे युद्ध के बाद मजबूत हुए हैं। सेना से हुई डील ने शहबाज शरीफ की कुर्सी मजबूत कर दी, यह पाकिस्तान में विपक्ष के लिए चिंता का सबब है।

अप्रैल, 2022 में संसदीय विश्वास मत में इमरान खान को पद से हटा दिया गया था और उसके बाद अगस्त, 2023 में उन्हें गिरफ़्तार कर लिया गया। अधिकारी उनके खिलाफ कई मामलों की जांच कर रहे हैं, जिनमें भ्रष्टाचार, सत्ता का दुरुपयोग और राज्य के खिलाफ हिंसा भड़काने के आरोप शामिल हैं। पीटीआई का दावा है कि खान के खिलाफ सभी मामले राजनीति से प्रेरित हैं। इमरान खान ने खुद सैन्य नेताओं पर विदेशी साजिश के बूते पद से हटाने का आरोप लगाया था। उन्होंने पाकिस्तान के शक्तिशाली जनरलों की खुलकर आलोचना की थी। खान के उस बयान पर सेना के टॉप ब्रास भड़के हुए थे। हालांकि, सेना के जनरल राजनीति में हस्तक्षेप करने से इनकार करते हैं। यों, शाहबाज शरीफ ने जिस बेशर्मी से सैनिक कार्रवाई की राजनीति अपने देश में शुरू की है, उसमें सेना के



जनरलों की भी हामी है।

जनता के बीच शहबाज और जनरल असीम मुनीर की जो छवि बनाई जा रही है, उसके अनुसार, पाकिस्तान की सेना ने भारत के मिसाइल और ड्रोन हमलों का पुरजोर जवाब दिया है। एक फर्जी सर्वेक्षण गैलप पाकिस्तान द्वारा किया गया, जिसमें बताया गया कि संघर्ष के बाद, 93 फीसद उत्तरदाताओं का सेना के प्रति अधिक अनुकूल दृष्टिकोण रहा है। संक्षिप्त संघर्ष ने शहबाज शरीफ की सरकार को पाकिस्तान की सेना के प्रमुख और इमरान खान के कथित प्रतिद्वंद्वी जनरल आसीम मुनीर को पदोन्नत करने के लिए भी प्रेरित किया। मुनीर को रणनीतिक प्रतिभा और साहसी नेतृत्व के एवज में फील्ड मार्शल नामित किया गया, जिसकी पटकथा पहले से लिख दी गई थी।

मशहूर पाकिस्तानी पत्रकार नजम सेठी बताते हैं, खान का अल्पकालिक भविष्य अंधकारमय है। सैन्य नेतृत्व उन्हें ऐसी कोई व्यवस्था देने के लिए प्रेरित या बाध्य नहीं है, जो उनके सत्ता में लौटने का मार्ग प्रशस्त करे। इसके बरअक्स, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी (पीटीआई) के नेता शेख वकास अकरम बोलते हैं, इमरान खान का भविष्य, किसी भी संदेह से परे, उज्ज्वल है। पाकिस्तान के 24 करोड़ लोगों को पाकिस्तान को बहुआयामी संकट से बाहर निकालने की नीतियों पर अपना अटूट विश्वास, और भरोसा है।

लेकिन क्या इमरान खान को इस मुसीबत से बाहर निकालने के वास्ते बैक डोर चैनल से कोई बातचीत भी हो रही है? खान ने सरकार और सेना के साथ ऐसी किसी बातचीत से इनकार किया है। पिछले हफ़्ते इमरान खान ने एक ऑनलाइन पोस्ट में इस बात से इनकार किया कि ऐसी किसी बातचीत के लिए उनसे संपर्क किया गया था। खान ने बातचीत की खबरों को पूरी तरह से झूठा बताया। राजनीतिक टिप्पणीकार, आस्मा शिराजी के अनुसार, खान का भविष्य मुख्यतः उनके अपने व्यवहार पर निर्भर करता है। आस्मा शिराजी ने कहा, खान वर्तमान में अपनी रिहाई के लिए बातचीत करने की स्थिति में नहीं हैं, जैसा कि वे महीनों पहले थे।

लेकिन, इमरान खान की पार्टी, पीटीआई में सूचना सचिव के रूप में काम करने वाले अकरम सॉफ्ट रुख अख्तियार करते हुए बताते हैं कि पाकिस्तान के सशस्त्र बल संविधान के तहत गैर-पक्षपाती और गैर-राजनीतिक हैं। इस बयान से यही अंदाजा लगाया जा सकता है कि पीटीआई बैकफुट पर चल रही है। उनके समर्थक सत्ता प्रतिष्ठान द्वारा दमन के डर से सड़कों पर सार्थक विरोध प्रदर्शन शुरू करने और उसे जारी रखने में असमर्थ दिख रहे हैं। पीटीआई पार्टी में सूचना सचिव अकरम के अनुसार, भारत के साथ हाल ही में हुए संघर्ष के बाद सेना की लोकप्रियता को चेयरमैन इमरान खान की अवैध कैद से रिहाई को जोड़ना, हमारे विचार से तालमेल नहीं रखता है।

# अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

## नोटिस के बाद भी नहीं हटाई गई दुकानों पर हुई कार्रवाई

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

अमेठी। नगर पंचायत के बार-बार नोटिस देने के बावजूद भी नालियों पर बनी दुकाने और गुमटियों को प्रशासन में जेसीबी से हटवाया। वहीं दुकानदारों ने कहा कोई नोटिस नहीं दिया गया।यह कार्रवाई मुख्य बाजार, बस डिपो, रजिस्ट्री कार्यालय, अंबेडकर तिराहा और अमेठी-सुल्तानपुर रोड पर की गई। प्रशासन के अनुसार अतिक्रमण हटाने का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

बारिश के मौसम से पहले जलभराव की समस्या से निपटने के लिए प्रशासन ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। नगर पंचायत, तहसील प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने जेसीबी से दुकाने और गुमटियों को जेसीबी से हटवाया। नालियों पर अवैध रूप से बनाई गई सैकड़ों गुमटियों और ठेलों को हटाया गया। नगर के मुख्य मार्गों पर वर्षों से चले आ रहे अतिक्रमण को मुक्त कराया गया।



वहीं छोटे दुकानदारों ने बिना पूर्व सूचना की कार्रवाई पर नाराजगी जताई।

नगर पंचायत अमेठी के अधिशासी अधिकारी अभिनव यादव ने बताया कि अतिक्रमणकारियों को कई बार नोटिस और पहले भी कई बार हटाया गया था। उन्हें चेतावनी और सूचना भी दी गई थी। लेकिन वे बार-बार अतिक्रमण करते रहे।यह कार्रवाई मुख्य बाजार, बस डिपो, रजिस्ट्री कार्यालय, अंबेडकर तिराहा और अमेठी-सुल्तानपुर रोड पर की गई। प्रशासन के अनुसार अतिक्रमण हटाने का अभियान आगे भी जारी रहेगा। अवैध कब्जों पर कार्रवाई होगी।

# नारी सशक्तिकरण की मिसाल महारानी अहिल्याबाई होलकर

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

बाराबंकी। महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने शासन करते हुए नारी सशक्तिकरण की मिसाल दी। वह किंचित विचलित हुए बिना मराठा साम्राज्य के हितों की रक्षा के लिए कई युद्धों का नेतृत्व किया।

उक्त विचार गुरुवार को मसौली ब्लाक सभागार मे आयोजित अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी जयंती कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने कही उन्होंने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर की किसी सरकार में जयंती



नहीं मनाई गई। भाजपा सरकार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा देश उनकी त्रिशताब्दी जयंती मना रहा है।

पूर्व सांसद ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर महिलाओं को रोजगार एव वैधव्य महिलाओं को सम्मान दिलाया। कार्यक्रम मे विद्युत सखी देवकी, श्यामावती, रचना निगम, बैंक सखी ममता वर्मा, सीमा वर्मा, किरन नितिका, स्वास्थ्य सखी सुरेखा, रेखा, मनरेगा मेट किरन को प्रसस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। तथा अबू हमजा मो0 तालिब को खीर खिलाकर अन्न प्रास्न्न कराया। अंत मे कार्यक्रम संयोजक भाजपा मंडल अध्यक्ष रंजीत वर्मा ने लोगो का आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर ब्लाक प्रमुख रईस आलम, खण्ड विकास अधिकारी संदीप श्रीवास्तव, रनर प्रमुख प्रत्याशी अंशु वर्मा, एड़ीओ पंचायत जानकीराम, राजकुमार सोनी, आशीष वर्मा, रामकेवल वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# सफल और उद्यमी महिलाओं के सम्मान में हुआ विशेष कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहन

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

अमेठी। ग्राम्य विकास विभाग की ओर से संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं में महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहन के क्रम में गुरुवार को जिले के सभी विकास खंडों में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर-के महिलाओं को सम्मानित किया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं,बी सी सखी, विद्युत सखी, मनरेगा की महिला मेट, रानी मिस्त्री और प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना की महिला लाभार्थी कार्यक्रम में शामिल हुईं।

गौरीगंज में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ल ने कहा कि डबल इंजन सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण को समर्पित है। पिछले दस सालों में ग्रामीण महिलाएं लखपति बनी है, कोई



भी काम करने वाली महिला बेरोजगार नहीं है। सरकार चाहती है कि महिलाएं आत्मनिर्भर बन परिवार और समाज को दिशा दें,यह काम धरातल पर नजर आ रहा है। जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के निदेशक ऐश्वर्य यादव और जिला उपायुक्त प्रवीणा शुक्ल ने महिलाओं को योजनाओं की जानकारी दी। भेंटुआ विकास खंड में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष आशा बाजपेई और निमिषा त्रिपाठी ने महिलाओं को प्रशस्ति पत्र दिया। खंड विकास अधिकारी छत्रपाल सिंह मौजूद रहे। अमेठी में खंड विकास अधिकारी बृजेश कुमार सिंह, भादर में खंड विकास अधिकारी रतन सिंह, संग्रामपुर में खंड विकास अधिकारी शिव पूजन भारती ने महिलाओं को सम्मानित किया।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की प्रगति

गठित स्वयं सहायता समूह - 10200

रोजगार से जुड़े समूहों की संख्या -479

सी एम युवा उद्यमी योजना के अन्तर्गत ऋण की स्वीकृति प्राप्त समूहों की संख्या -आठ

# सीएनजी-पीएनजी पाइपलाईन मरम्मत के कारण 31 मई से 2 जून गैस आपूर्ति रहेगी बाधित



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**
मुरादाबाद। सीएनजी और पीएनजी की पाइपलाइनों में मरम्मत कार्य किया जाएगा यह कार्य मुरादाबाद और उत्तराखंड के क्षेत्रों में किया जाएगा। इसमें रुद्रपुर, मुरादाबाद का धन्नापुर, सैफुपल्ला आदि प्रमुख स्थान शामिल हैं। इन क्षेत्रों में 31 मई की रात 11 बजे से 2 जून की रात 11 बजे तक गैस आपूर्ति बंद रखने के आदेश जारी किए गए हैं। इस संबंध में गैस लिमिटेड कंपनी ने जिला प्रशासन को जानकारी दे दी है।

मुरादाबाद औद्योगिक क्षेत्र में कुल 26 सीएनजी फिलिंग स्टेशन हैं जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय ने जारी नोटिस में बताया कि इस दौरान औद्योगिक इकाइयों को गैस की आपूर्ति बंद रहेगी जबकि घरेलू और व्यवसायिक उपभोक्ताओं को गैस आपूर्ति बिना किसी रुकावट के मिलती रहेगी। अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह ने बताया कि मुरादाबाद औद्योगिक क्षेत्र में कुल 26 सीएनजी फिलिंग स्टेशन हैं जिनमें से केवल छह फिलिंग स्टेशन पर गैस उपलब्ध रहेगी। इनमें फीफी फिलिंग स्टेशन कांठ, अजीत सिंह फिलिंग स्टेशन चंदौसी, एएसएचपी फिलिंग स्टेशन ठाकुरद्वारा, सुहानी फिलिंग स्टेशन मुरादाबाद बाईपास एनएच-9, भगवती फिलिंग स्टेशन बेलवाड़ा बाजपुर रोड और कृष्णा फिलिंग स्टेशन कांठ रोड छजलैट शामिल हैं।

जिला मजिस्ट्रेट ने इस दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को भी आवश्यक निर्देश दिए हैं। उपभोक्ताओं और औद्योगिक इकाइयों से अनुरोध है कि वे इस बाधित अवधि को ध्यान में रखते हुए अपने कामकाज की योजना बनाएं।

# अधिवक्ता के प्रयास से निपटा 16 साल पुराना केस



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**
रामपुर शाहबाद। थाना शाहबाद में साल 2009 को आईपीसी की धारा 376/504 में एक केस पंजीकृत हुआ था। विवेचना के दौरान जिसमे धाराओं में बदलाव करने हुए 323/504 धाराओं में चार्जशीट दाखिल की गई। 16 साल केस चलने के बाद में मारपीट के मामले में बचाव पक्ष के अधिवक्ता रेहान खां की दलीलें सुनने के बाद और गवाहों के द्वारा घटना से इनकार के बाद अदालत ने आरोपियों को बरी कर दिया।बचाव पक्ष के अधिवक्ता रेहान खा ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना शाहबाद पर शोभाराम और प्रेमपाल के विरुद्ध 2009 में 376/504 आईपीसी में केस दर्ज किया गया था। बाद में शाहबाद पुलिस ने विवेचना पूरी करते हुए वाद संख्या 42/2010 में आईपीसी की धारा 323/504 में आरोप पत्र अदालत में दाखिल किए। अभियोजन पक्ष की तरफ से चार गवाह पेश किए गए। जिनमें से तीन गवाहों ने घटना होने से ही इनकार कर दिया जबकि एक गवाह ने घटना का समर्थन किया। 16 साल तक मारपीट और गाली गलौज का केस चलता रहा। बचाव पक्ष के अधिवक्ता रेहान खां की पैरवी तथा गवाहों का घटना से इनकार करने के बाद शाहबाद के ग्रामीण न्यायालय ने शोभाराम और प्रेमपाल को दोषमुक्त कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### सुनील कुमार लोधी आंवला विधानसभा के महासचिव बनाए गये।

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
बरेली ।समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शिव चरन कश्यप ने आंवला विधानसभा के बड़ा गांव निवासी सुनील कुमार लोधी को आंवला विधानसभा का महासचिव नियुक्त किया। सुनील कुमार लोधी, आंवला क्षेत्र से पांच बार विधायक रहे स्वर्गीय श्याम बिहारी लोधी के सुपोत्र हैं। उनकी इस नियुक्ति पर समाजवादी पार्टी के अमित राज सिंह,जिला उपाध्यक्ष रविंद्र यादव,जिला कोषाध्यक्ष अशोक यादव,स्मिता यादव,राजेश्वरी यादव, इंजीनियर सतेंद्र सिंह, संजीव कश्यप एवं श्री सम्राट अनुज मौर्य ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर भावविनी श्रद्धांजलि।

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
बरेली। राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष मो. मतलूब एड. एवं पदाधिकारिओं व कार्यकताओं ने चौधरी चरण सिंह पार्क कचहरी बरेली पर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न, चौधरी चरण सिंह



की 38 वीं पुण्यतिथि पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इससे पूर्व कार्यकताओं ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एससीएसटी आयोग के सदस्य नरेंद्र सिंह खजूरी व डी सी बर्क का जिलाध्यक्ष मो० मतलूब एड० ने अपने कार्यकताओं के साथ बरेली आगवन पर रेलबे स्टेशन पर फूल मालाओ से भव्य स्वागत किया। इसके बाद सभी लोगों ने चौधरी चरण सिंह पार्क पर आकर चौधरी साहव की प्रतिमा पर माला अर्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की सर्किट हाउस में चौधरी चरण सिंह विचार गोष्ठी भी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव सर्वेश पाठक, जाफर मंसूरी विजय बहादुर सक्सेना राजवीर उपाध्याय, सहादत हुसैन, ओमपाल कश्यप, सिराज अहमद, गीता सिन्हा, सहवान खान, जाविर खा, बाहिद अली, राजीव चौधरी, शाकिर मंसूरी, अवरार अली, किस्मत अली, बाबू शाह, गौस अली, रिजवान खान, नासिर, सुशील पॉल, सायंकी एडवोकेट, ए के एडमिन, अख्तर अली, इरशाद खान, तौफीक अली समीर खान सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### भीषण गर्मी से राहत के लिए बार अध्यक्ष ने बांटा शरबत



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**
रामपुर शाहबाद। भीषण गर्मी से राहत के लिए तहसील पर शरबत का वितरण किया गया। गुरुवार को तपती गर्मी देखते हुए बार एसोसिएशन शाहबाद के अध्यक्ष तकरीर उर रहमान (एडवोकेट)के द्वारा तहसील गेट पर छबील लगाकर शरबत का वितरण किया गया, जिसमें अधिवक्ता और वादकारियों तथा राहगीरों को शरबत पिलाया गया। वरिष्ठ अधिवक्ता अशफाक अहमद, कु० माधुरी सक्सेना, वसीम खां, रामौतार सिंह यादव , छत्रपाल सिंह,आनंद पाल सिंह ,खान सुहैल असरार ,रोहित कुमार, अभिषेक शर्मा, फराज आदि मौजूद रहे।

### लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर शताब्दी स्मृति सम्मेलनः अमरोहा में भाजपा ने 21 से 31 मई तक कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
हसनपुर ' अमरोहा- हसनपुर नगर पालिका परिषद ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की तीसरी शताब्दी स्मृति कार्यक्रम के अंतर्गत एक सम्मेलन का आयोजन किया। गुरुवार को नगर के एक मैरिज हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में जनपद रामपुर के जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन मोहनलाल सैनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने की। भाजपा विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुरमित कुमार गुप्त ने कार्यक्रम का संचालन किया।

# मंदिर के पास अवैध शराब दुकान का विरोधः अमरोहा में ग्रामीणों का प्रदर्शन, ओवररेट पर 24 घंटे बिक रही शराब



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
आदमपुर ' अमरोहा- अमरोहा के थाना आदमपुर क्षेत्र के बहादुरपुर मिश्र गांव में मंदिर के पास खुली शराब की दुकान को लेकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि दुकान में नियमों के विपरीत 24 घंटे शराब बेची जा रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि सेल्समैन निर्धारित दर से अधिक कीमत पर शराब बेच रहा है। मंदिर के नजदीक दुकान होने से स्थानीय लोगों में आक्रोश है। उनका कहना है कि इससे गांव में अप्रिय घटना की आशंका बनी रहती है।

स्थानीय निवासियों ने कई बार सेल्समैन की शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है कि अब सेल्समैन ग्रामीणों को धमकी दे रहा है। ग्रामीणों ने आबकारी विभाग से दुकान को मंदिर से दूर स्थानांतरित करने और सेल्समैन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्रदर्शन में ओमप्रकाश, गेंदालाल, दाता राम, डालचंद, राजाराम, चौखे सिंह, शाह जी और नरेश सहित कई ग्रामीण शामिल थे

# 14 साल बाद कांस्टेबल की नौकरी गईःचाचा ने खोली फर्जी मार्कशीट से नौकरी पाने की पोल, दोनों पर केस दर्ज



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
अमरोहा 'अमरोहा में यूपी पुलिस के एक कॉन्स्टेबल की 14 साल पुरानी नौकरी फर्जी मार्कशीट के कारण छिन गई। गौतम बुध नगर के दादरी निवासी अखिलेश कुमार ने 2009 में पुलिस में नौकरी पाई थी। उन्होंने ज्योति इंटर कॉलेज की असली मार्कशीट में छेड़छाड़ कर फर्जी मार्कशीट बनवाई थी।

इस फजीर्वाड़े में उनके चाचा विनोद का भी हाथ था। दो साल पहले आपसी विवाद के बाद चाचा ने ही गुप्त शिकायत कर इस मामले का खुलासा किया। जांच में फजीर्वाड़ा सामने आने के बाद अमरोहा पुलिस ने अखिलेश को नौकरी से बर्खास्त कर दिया है।

पुलिस ने अखिलेश और उनके चाचा विनोद दोनों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। अमरोहा पुलिस लाइन के आर आई ने यह मामला अमरोहा देहात थाने में दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार आवश्यकता पड़ने पर दोनों की गिरफ्तारी भी की जा सकती है।

# ढाबों पर चला बुलडोजर, स्वामियों का आरोप टीएमयू के इशारे पर की गई कार्यवाही



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
मुरादाबाद । विकास प्राधिकरण इस समय तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी प्रबंधन के इशारे पर चलता हुआ नजर आ रहा है। प्राधिकरण ने पिछले 40 वर्षों से अपनी जीविका चला ढाबा संचालकों के निर्माण को ध्वस्त कर दिया। ढाबा संचालकों का आरोप है कि टीएमयू के इशारे पर ये कार्रवाई हुई है। मिडिया ने जब इस खबर पर एमडीए वीसी से मिलकर जानकारी करनी चाही तो वीसी मिडिया को एक घंटे टालते रहे और बाद में मिलने से मना कर दिया। एमडीए वीसी के इस व्यवहार पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। वीसी कार्यालय में पहुंचे अवैध प्लाटिंग कर रहे भूमाफियाओं को वरीयता दी जा रही है।

आसपास बने ढाबों पर बुलडोजर चलाकर उन्हें ध्वस्त कर दिया-दिल्ली रोड स्थित तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी स्थित है। आरोप है कि इस यूनिवर्सिटी की प्रबंधन समिति आसपास की जमीनों को सस्ते दामों पर खरीदकर अपना वर्चस्व कायम करना चाहती है। इसी के चलते एमडीए ने ग्रीन बेल्ट बताकर टीएमयू के आसपास बने ढाबों पर बुलडोजर चलाकर उन्हें ध्वस्त कर दिया। ढाबा संचालकों ने नेशनल प्रेस टाइम्स की टीम से बात करते हुए अपनी व्यथा सुनाई है।

एमडीए के अधिकारी इनके इशारे पर चल रहे हैं-ढाबा संचालक संजीव सिंह ने बताया कि पिछले 42 वर्षों से वे अपनी पुस्तैनी जमीन पर ढाबा चला रहे हैं। अब टीएमयू के मालिक जैन साहब इन जमीनों को जबरन हथियाना चाहते हैं। एमडीए के अधिकारी इनके इशारे पर चल रहे हैं। इसलिए बिना नोटिस दिए इतनी बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि हमारी जमीन के पीछे इनकी जमीन पड़ी हुई है।अब ये फ्रंट की जमीन को जबरन हथियाना चाहते हैं।

तानाशाही चल रही है,कोई सुनने को तैयार नहीं है- वहीं दूसरे ढाबा संचालक राजीव ठाकुर ने बताया कि एमडीए ने बिना नोटिस जारी किए ध्वस्तीकरण कराया है। राजीव ठाकुर ने आरोप लगाया कि एमडीए की ग्रीन बेल्ट सिर्फ गरीबों के लिए है। टीएमयू के मालिक जैन साहब जहां तक जमीन खरीद लेते हैं वहां ग्रीन बेल्ट खत्म हो जाती है। तानाशाही चल रही है,कोई सुनने को तैयार नहीं है। 4 दिन पहले कुछ लोगों द्वारा ढाबे पर आकर धमकाया गया कि अगर तुमने जमीन टीएमयू को नहीं दी तो ढाबे को गिरा दिया जाएगा। इसके बाद एमडीए की टीम ने आकर बुलडोजर से ढाबा गिरा दिया। इससे काफी नुकसान हुआ है।

# जनसेवा केंद्र के नाम पर फजीर्वाड़ा स्पेशल ऑपरेशन में खुलासा भाजपा नेता के घर का मामला

**नेशनल प्रेस टाइम ,ब्यूरो**
बरेली। गुरुवार को लखनऊ एवं बरेली यूनिट की मिलिट्री इंटेलिजेंस का स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप और सीबीगंज पुलिस की ओर से की गई एक साथ छापामार कार्यवाही में भारतीय जनता पार्टी के नेता के जन सेवा केंद्र पर फजीर्वाड़ा किए जाने का बड़ा खुलासा हुआ । छापामार कार्यवाही में बड़ी संख्या में फर्जी दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

बृहस्पतिवार को बरेली के सीबीगंज थाना क्षेत्र के महेशपुर गांव में मिलिट्री इंटेलिजेंस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गांव के जन सेवा केंद्र पर फर्जी दस्तावेज बनाए जा रहे हैं। मामले को लेकर की गई जांच में पता चला कि भाजपा नेता मुकेश देवल अपने ही मकान के नीचे खोलें गए जन सेवा केंद्र एवं लोकवाणी केंद्र पर बड़े पैमाने पर फजीर्वाड़ा जांच के आधार पर मिलिट्री इंटेलिजेंस, एसओजी तथा सीबी गंज पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से भाजपा नेता के जन सेवा केंद्र पर छापा मार कार्यवाही की। छापेमारी के दौरान दुकान से दो लैपटॉप (एक सोनी और एक डेल कंपनी का), दो ईप्सन प्रिंटर, एक कोजेंट कंपनी का आई स्कैनर, एक लॉजिटेक वेब कैमरा, एक थम्ब स्कैनर, एक फिंगर प्रिंट मशीन, छह रबर स्टांप (मोहर), दो एलआरआई शील्ड , एचपी कंपनी के दो माउस, 27 आधार कार्ड, एक पैन कार्ड, एक वोटर आईडी कार्ड और नॉर्थ ईस्टर्न रेलवे की एक फर्जी आईडी कॉपी बरामद हुई!

# सीएनएस अकैडमी में मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**
मुरादाबाद। सीएनएस अकैडमी के 10वीं में 12वीं के मेधावी छात्रों के साथ उनके माता-पिता को भी सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चेयरमैन सुंदर सिंह प्रधानाचार्य प्रियंका सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम को आगे बढ़ाया इसी मौके पर अध्यक्ष सुंदर सिंह ने कहा की विद्यालय के लिए यह गौरव का क्षण है हमें अत्यंत खुशी है कि हमारे सीबीएसई बोर्ड के छात्र -छात्राओं ने कड़ी मेहनत के साथ सफलता प्राप्त की यह केवल अंको का नहीं बल्कि बच्चों की कड़ी मेहनत का फल है।

छात्रों ने अच्छे अंक प्राप्त कर अकैडमी का मान बढ़ाया -प्रधानाचार्य प्रियंका सिंह ने कक्षा बारहवीं की कौस्तुभ अग्रवाल 96.2% श्रद्धा देओल 96.0% देवयानी 92.2% व कक्षा 10 की वैष्णवी भारद्वाज 94% धैर्य सिंह 92% हिमांशी विश्नोई 92% अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया और उनके माता-पिता को सम्मानित किया साथ ही बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विद्यार्थियों के मार्गदर्शन किया और उनके अभिभावक को कहा की बच्चों के साथ हर कदम पर सहयोग किया जाए।

# 83 जगह मिले 45 रोहिंग्या, बांग्लादेशी घुसपैठिये 775 लोगों के दस्तावेज किए गए चेक



**नेशनल प्रेस टाइम ,ब्यूरो**
बरेली। शासन के निर्देश पर जिले भर के सभी थाना क्षेत्रों में रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों और संदिग्ध लोगों के खिलाफ दो दिन से अभियान चल रहा है। इस अभियान के तहत अब तक 45 संदिग्ध लोग चिन्हित किए गए हैं। संदिग्ध मिले लोगों से पुलिस दस्तावेज चेक करने के साथ ही उनसे पूछताछ कर रही है। भोजीपुरा थाना क्षेत्र में तीन स्थानों पर सर्वाधिक 11 संदिग्ध लोग मिले हैं।

एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि शासन के निर्देश पर सोमवार और मंगलवार को अवैध रूप से निवास कर रहे रोहिंग्या, बांग्लादेशी घुसपैठियों और संदिग्ध लोगों के खिलाफ अभियान चलाया गया। जिले भर के सभी थाना क्षेत्रों में दो दिन में 83 स्थानों पर चेकिंग की गई। इस दौरान 775 लोगों की जांच की गई। जांच में 45 घुसपैठिये मिले। इनके दस्तावेज चेक किए जा रहे हैं। इनसे पुलिस पूछताछ भी कर रही है।

उन्होंने बताया कि अभियान के तहत शाही थाना क्षेत्र में एक स्थान पर 11 लोगों की जांच की गई। इसमें पांच संदिग्ध लोग मिले। विशारतगंज में एक, भमोरा में पांच, फरीदपुर में दो, भोजीपुरा में 11, बहेड़ी में तीन, शीशगढ़ में सात स्थानों पर 8, देवरनियां और शेरगढ़ में चार-चार संदिग्ध लोग मिले हैं।

# जगह जगह बिक रही सरकारी ठेकों की बीयर और अंग्रेजी देशी शराब

## ओवर रेट पर में ठेकों पर बेकी जा रही शराब, क्षेत्र में चर्चा आम

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो**

ललितपुर,तालबेहट। लाखों की बोली और आबकारी विभाग से लेकर पुलिस, मीडिया और अफसरों की खुशामत के कारण शराब ठेकेदार गांव गांव शराब बिक्री कर कमाई कर रहे हैं। वहीं सरकारी ठेकों की गैरकानूनी तरीके से शराब बिक्री के अलावा अवैध शराब की भी जमकर बिक्री की जा रही है। आबकारी अफसर फीलगुड में मस्त है और कोतवाली पुलिस रश्म अदायगी को कच्ची शराब के एक दुक्का मामले पकड़ कर गुडवर्क दिखा रही है।



वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आबकारी विभाग ने लॉटरी पद्धति से अंग्रेजी, देशी और बीयर के ठेके दिए हैं, इसके साथ ही राजस्व बढ़ाने को दुकानें भी बढ़ा दी है। शराब दुकानों के ठेकों में राजस्व बढ़ने के बाद शराब ठेकेदारों ने अधिक बिक्री के लिए गांव गांव एजेंटों के माध्यम से बियर, देशी और अंग्रेजी शराब की बिक्री शुरू कर दी। क्षेत्र के वनगुंवा, बिगारी, मऊ, मुकटौरा, बिजरौठा से लेकर तमाम गांव में दबंग एजेंट बनकर सरकारी ठेकों की गैरकानूनी तरीके से ओवररेट शराब बिक्री कर रहे है। वहीं रानीपुरा, स्टेशन सहित अंग्रेजी शराब ठेकों पर नई नई कम्पनियों की ज्यादा मुनाफा वाली शराब बेच रहे हैं।

जिससे शौकीनों को ब्रांडेड कम्पनी की शराब बीयर ओवर रेट पर खरीदनी पड़ रही है। ब्रांडेड बीयर केन पर 10 और अंग्रेजी शराब पर 10 से 50 रु0 की ओवर रेटिंग की जा रही है। जब भी आबकारी विभाग के अधिकारीयों से ओवर रेट के बारे में बात की जाती है तो वह इसे पूरी तरह नकार देते है लेकिन गांव-गांव शराब बिक्री पर जांच कर कार्यवाही की बात करते है।

# विश्वकर्मा श्रम सम्मान व ओडीओपी प्रशिक्षण

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो।**

ललितपुर। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने अवगत कराया है कि शासन द्वारा संचलित ओडीओपी प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना का लाभ लेकर जनपद के उद्यमी आत्मनिर्भर बन सकते हैं, जिसके लिए उन्हें विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा ओडीओपी प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अन्तर्गत जनपद को लक्ष्य आवंटित कर दिया है, जिसका लाभ लेने के लिए



18 वर्ष से अधिक आयु के महिला एवं पुरूष आवेदक को विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। योजनांतर्गत प्रशिक्षण एवं टूलकिट प्राप्ति के दौरान व्यक्ति स्वयं का कुटीर उद्योग संचालित करने में सक्षम हो जायेगा एवं इस योजना से आत्मनिर्भता में वृद्धि होगी।

उपायुक्त उद्योग अतहर जमाल ने बताया कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में 10 दिवसीय प्रशिक्षण के अन्तर्गत (हलवाई, नाई, धोबी, राजमिस्त्री, बढई, लौहार, दर्जी आदि) सम्बन्धित ट्रेडों में आवेदन कर सकते हैं, इसी प्रकार ओडीओपी प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना के अन्तर्गत (जरी सिल्क साडी, फूड प्रोसोसिंग एवं रेडीमेड होजरी गारमेन्टस आदि) आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी लिए किसी भी कार्यदिवस ने उपायुक्त उद्योग एवं प्रोत्साहन केंद्र ललितपुर में संपर्क किया जा सकता है।

# नियमों की अनदेखी कर बस स्टैंड से चल रहीं टूरिस्ट बसें

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

ललितपुर। जनपद में टूरिस्ट परमिट की आड़ में बसों का नियमित संचालन किया जा रहा है। यह बसें जिले में ही नहीं अन्य प्रदेशों तक दौड़ रही हैं। इससे परिवहन विभाग के राजस्व को चपत लग रही है तो वहीं, यात्रियों से मनमाने तरीके से किराया भी वसूल रहे हैं। कमाई के चक्कर में क्षमता से अधिक सवारियों को बिठा रहे हैं। सीट तक की संख्या बढ़ा दी गई है। हद तो तब हो गई, जब प्रतिदिन मुख्यालय स्थित बस स्टैंड से ही बसों का संचालन किया जा रहा है।

परिवहन विभाग टूरिस्ट बसों को प्रतिदिन रूट परमिट जारी नहीं करता है। इनका पंजीयन टूरिस्ट के लिए किया जाता है। यह बसें जब बुकिंग पर जाती हैं, तब इनमें सफर करने वाले यात्रियों का डाटा एकत्रित कर विभाग में सूचना देना होती है। साथ ही बस के आने व जाने की तिथि व समय निर्धारित होता है। इसके बाद टूरिस्ट बस का परमिट जारी किया जाता है। यह बसें बस स्टैंड से संचालित नहीं होती हैं। लेकिन, जिले में कई टूरिस्ट बस संचालक नियमों को ताक पर रखकर संचालित कर रहे हैं। यह बसें नियमित संचालित हो रही हैं। इसकी बानगी प्रतिदिन शाम को बस स्टैंड पर देखने को मिल सकती है।

यही नहीं बस स्टैंड के आस-पास टूरिस्ट बस संचालकों ने बुकिंग कार्यालय खोल रखे हैं। जहां से नियमित (डेली सर्विस) बसों के संचालन का दावा कर रहे हैं। स्थिति यह है कि यह बसें नियमित रुट परमिट जैसी चल रही हैं। इन टूरिस्ट बसों में सवारियों की अपेक्षा अधिक माल ढोया जा रहा है। इससे बसें हमेशा ही ओवरलोड आती हैं, लेकिन जिम्मेदारों को परिवहन नियमों का उल्लंघन व राजस्व को क्षति पहुंचा रही टूरिस्ट बसों का संचालन नजर नहीं आ रहा है। यही हाल जिले में कस्बा क्षेत्रों का भी बना हुआ है। इसके बाद भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं।

# फर्जी शिकायतों पर जीएसटी विभाग की कार्रवाई रोकने की मांग

ललितपुर। एसआईबी व जीएसटी झांसी के सर्वे व छापेमार कार्रवाई से परेशान जिला उद्योग व्यापार मंडल ने बुधवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा। उन्होंने शिकायतकर्ता के नोटरी सत्यापन कराए बिना छापामारी व सर्वे को तत्काल रोकने की मांग की है।

व्यापारी नेताओं ने दिए ज्ञापन में बताया कि जीएसटी लागू करते समय सरकार ने व्यापारियों को आश्वासन दिया था एक देश एक टैक्स सरकार लागू करेगी लेकिन सरकार ने इसके अतिरिक्त और भी टैक्स लागू किए वह उचित नहीं है। व्यापारियों की ईमानदारी से टैक्स देने का मानक के कारण सरकार के पास बैट की तुलना में कई गुना जीएसटी पहुंच रहा है, इसलिए सरकार को सर्वे व छापे बंद करना चाहिए। आरोप लगाया कि झांसी जीएसटी विभाग द्वारा फर्जी शिकायतों के आधार पर व्यापारियों को परेशान करने के उद्देश्य लगातार छापेमारी की जा रही है। जिससे व्यापारी भयभीत हैं और विभाग द्वारा अपना उत्पीड़न महसूस कर रहे हैं। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष सडैया, जिलाध्यक्ष सुरेश बड़ेरा, जिला महामंत्री शैलेंद्र सिंघई, प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश सराफ, प्रदेश उपाध्यक्ष गल्ला मंडी अध्यक्ष जयकुमार, प्रदेश संगठन मंत्री राहुल गुप्ता, प्रदेश युवा मंत्री अजय सोनी, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष बॉबी राजा नाराहट, रविंद्र दिवाकर मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश में बिजली निजीकरण के विरोध में देशभर के 27 लाख बिजली कर्मचारी सड़कों पर उतरे

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

जालौन। उत्तर प्रदेश के 42 जनपदों में बिजली वितरण के निजीकरण के विरोध में आज देशभर में बिजली कर्मचारियों, इंजीनियरों और अधिकारियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स के आह्वान पर देश के सभी राज्यों में यह विरोध किया गया।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र ने बताया कि ट्रांजैक्शन कंसलटेंट ग्रांट थॉर्टन को झूठा शपथ पत्र देने के बावजूद क्लीन चिट देने से कर्मचारियों में गहरा आक्रोश है। समिति ने निजीकरण प्रक्रिया को प्रबंधन और निजी कंपनियों की



मिलीभगत बताया है।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि घाटे के भ्रामक आंकड़ों के आधार पर सरकार पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों का निजीकरण कर रही है, जबकि घाटे की असली वजह गलत पावर परचेज एग्रीमेंट और सरकारी विभागों पर बिजली बिल की भारी बकाया राशि है।

आज भोजनावकाश के दौरान देशभर में 27 लाख बिजली कर्मचारियों ने कार्यस्थलों पर विरोध दर्ज कराया। इसी क्रम में जालौन जिले में भी जूनियर इंजीनियर संगठन और अन्य संगठनों ने एक दिन का कार्य बहिष्कार किया।

प्रदर्शन में अधिशासी अभियंता महेन्द्र नाथ भारती समेत बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। कर्मचारियों ने चेताया कि यह आंदोलन आगे भी जारी रहेगा। इस सभा में अधिशासी अभियंता महेन्द्र नाथ भरती, एसडीओ कुठोंद सुनील कुमार, एसडीओ जालौन रामसुधार,सहायक अभियंता मी. द्वितीय आजाद धीरेन्द्र,जगदीश वर्मा,परमात्मा शरण,अलोक खरे, देवेंद्र सिंह, मोहम्मद शफीक ,नवीन कंजोलिया ,गौरव कुमार सर्जुल हसन, अजीम सिद्धकी,जे ई कुसुम लता, जे ई पूनम वर्मा ,जे ई रानी वर्मा, जे ई शिवम् साहू,राजेश कुशवाहा ,राहुल साहू ,रवि यादव ,सौरभ ताम्रकार ,विजय गुप्ता ,अंकित सहनी ,अमन पांडे ,निशांत शर्मा,सूरज प्रसाद, विनोद श्रीवास मौजूद रहे।

# जनपद में सिविल डिफेंस की स्थापना की प्रक्रिया प्रारंभ

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

जालौन। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के सभी 75 जनपदों में सिविल डिफेंस व्यवस्था लागू करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। अभी तक यह व्यवस्था केवल 15 जनपदों में संचालित थी, मा0 मुख्यमंत्री जी के निदेर्शानुसार अब शेष 60 जनपदों, जिनमें जनपद जालौन भी सम्मिलित है, में सिविल डिफेंस की स्थापना की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्देश के अनुपालन में जनपद जालौन में भी सिविल डिफेंस की प्रभावी व्यवस्था लागू की जाएगी। उन्होंने बताया कि जनपद स्तर पर इस व्यवस्था के संचालन एवं समन्वय के लिए उन्हें नियंत्रक नियुक्त किया गया है। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) को निर्देशित किया है कि सिविल डिफेंस की स्थापना हेतु शीघ्र भूमि चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था न केवल आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षा तंत्र को सुदृढ़ बनाएगी, बल्कि स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षण एवं रोजगार के नए अवसर भी प्रदान करेगी।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में 7 मई को देशव्यापी नागरिक सुरक्षा अभ्यास में सिविल डिफेंस की इकाइयों ने अपनी दक्षता का शानदार प्रदर्शन किया था। हालांकि, उस समय जनपद जालौन में यह व्यवस्था उपलब्ध नहीं थी। प्रदेश के मुख्यमंत्री के निर्देश के अनुसार अब जालौन सहित अंबेडकर नगर, अमेठी, औरैया, बलिया, जौनपुर, हाथरस, लखीमपुर खीरी, महोबा, सोनभद्र, सिद्धार्थनगर जैसे आदि जनपदों में भी यह महत्वपूर्ण सेवा प्रारंभ की जाएगी। यह पहल राज्य सरकार की आपदा प्रबंधन एवं नागरिक सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ती है, जिससे प्रदेश में एक सशक्त एवं संवेदनशील सुरक्षा ढांचा खड़ा किया जा सकेगा।

# गोवर्धन के गिरिराज पर्वत से अतिक्रमण हटवाया



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मथुरा। गोवर्धन में गिरिराज तलहटी में हो रहे अस्थायी अतिक्रमण को वन विभाग ने हटवाया है। आन्यौर और जतीपुरा में कुछ लोगों ने बुर्जी-बिटौरा लगाकर पर्वत पर अतिक्रमण कर रखा था। इससे गंदगी भी हो रही थी और लोग चप्पल-जूते पहनकर पर्वत पर चढ़ रहे थे। इससे श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही थीं। ब्रजवासी युवा संगठन द्वारा इसके खिलाफ आवाज उठाई। संगठन के सदस्यों ने चप्पल पहनकर लकड़ी काटते लोगों का वीडियो सोशल मीडिया पर डाला था। बुधवार को क्षेत्राधिकारी वन ब्रजेश सिंह परमार ने टीम के साथ गोविंदकुंड के समीप पहुंचे। पर्वत पर अस्थायी अतिक्रमण को हटवा दिया। कहा कि अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी रहेगा। वन दारोगा आशीष सिंह, ओमवीर सिंह, वन रक्षक कुशलपाल, दीप्ति, लाखन सिंह आदि मौजूद रहे।

# सुप्रीम कोर्ट की रोक से बांकेबिहारी के सेवायतों में खुशी की लहर, एक-दूसरे को खिलाई मिठाई



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मथुरा। वृंदावन में ठाकुर श्रीबांकेबिहारी मंदिर कॉरिडोर प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट ने 29 जुलाई तक किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य पर रोक लगा दी है। कोर्ट के इस आदेश से मंदिर सेवायतों, स्थानीय निवासियों और व्यापारियों में खुशी की लहर है। उन्होंने एक-दूसरे को मिठाई भी खिलाई

गोपालशरण शरमाई का कहना है कि श्रीबांकेबिहारी मंदिर एक निजी मंदिर है जिस पर सरकार का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार विकास के नाम पर मंदिर की संस्कृति और परंपरा को नष्ट करना चाहती है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। धर्मरत्न आचार्य नरेश नारायण ने कोर्ट के आदेश का स्वागत करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा पुनर्विचार याचिका स्वीकार करना एक अभिनंदनीय कदम है। इससे वृंदावन से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण तथ्य भी सामने आएंगे। ऋषि दीक्षित ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश बुद्धिजीवी हैं और निश्चित ही वृंदावन के हित में निर्णय लेंगे। उन्होंने कहा कि हमें भारत की न्याय प्रणाली पर पूर्ण विश्वास है। वहीं चुंगी चौराहे पर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने मिठाई बांटी।

# राया और बलदेव में मां-नवजात शिशु सुरक्षा कक्ष का शुभारंभ

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मथुरा के राया, बलदेव। मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह और जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह राया और बलदेव पहुंचे। यहां सीएचसी का निरीक्षण किया और मां नवजात शिशु सुरक्षा कक्ष का फीता काटकर शुभारंभ किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राया पर निरीक्षण किया। लोगों ने बताया कि केंद्र पर पेयजल की व्यवस्था नहीं है। रात के समय चिकित्सक भी नहीं रहते हैं। यहां नवजात शिशु एवं प्रसव उपरांत प्रसूता के लिए स्वास्थ्य कक्ष का फीता काट कर शुभारंभ किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनई



का भी निरीक्षण किया। बलदेव में सीएचसी पर मदर न्यूबॉर्न केयर यूनिट का कमिश्नर ने फीता काटकर शुभारंभ किया। यहां प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी, जीवन रक्षक उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। यूनिट की स्थापना में कम्युनिटी इम्पावरमेंट लैब की तकनीकी सहायता ली गई है।

सीएमओ डॉ. एके वर्मा, डॉ. विजेंद्र सिंह सिसोदिया, डॉ. शशि शेखर, डॉ. विपिन, डॉ. संजीव यादव, डॉ. सोनल शर्मा, डॉ. भावना सारस्वत, डॉ. श्रुति सिंह, विवेक सारस्वत, श्याम वर्मा आदि मौजूद रहे।

# चांदी व्यवसायी की कार से डेढ़ करोड़ रुपये बरामद

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मथुरा। मांट में यमुना एक्सप्रेस-वे के जाबरा टोल प्लाजा से मांट पुलिस और आयकर विभाग की टीम ने एक कार से डेढ़ करोड़ रुपये एवं 450 ग्राम सोने के बिस्कुट बरामद किए हैं। आयकर विभाग की टीम को रुपये गिनने में दो घंटे लग गये। व्यवसायी दिल्ली से चांदी लाकर आगरा में बेचने के बाद रुपये लेकर वापस जा रहा था। आयकर विभाग एवं मांट पुलिस ने स्विफ्ट कार से एक करोड़, उन्नीस लाख, अस्सी हजार रुपये एवं करीब आधा किलो सोने के बिस्कुट बरामद किए हैं। उप



निदेशक आयकर अन्वेषण आगरा हार्दिक अग्रवाल ने बताया कि मथुरा के थाना गोविंद नगर क्षेत्र के माधव कुंज निवासी दीपक खंडेलवाल दिल्ली से चांदी लाकर आगरा में बेचते हैं। वह चांदी बिक्री के रुपये लेकर दिल्ली जा रहे थे। सूचना पर मांट थाना प्रभारी निरीक्षक जसबीर सिंह से टोल प्लाजा पर नाकाबंदी कराई। मथुरा की तरफ से आ रही स्विफ्ट कार को रोककर तलाशी ली। उसमें रुपये मिलने की सूचना पर आगरा से आयकर विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। चांदी व्यवसायी दीपक खंडेलवाल के साथ पूछताछ की जा रही है। नोटिस देकर आगे की कार्रवाई की जाएगी। टीम में आयकर अधिकारी लोकेश उत्प्रेति, आयकर निरीक्षक रंजन सैनी, घनश्याम राठौर, संदीप गुप्ता, शिवम श्रीवास्तव शामिल रहे। कार से बरामद की गई रकम को गिनने के लिए आयकर विभाग ने मशीन लगाई। करीब दो घंटे में रुपये गिने जा सके। वहीं व्यवसायी दीपक खंडेलवाल ने बताया की वह दिल्ली के चांदनी चौक से सोना और चांदी लाकर आगरा में बेचने का कार्य करते हैं। जो टैक्स बचता है, वही उसका मुनाफा होता है।

# पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर हवन यज्ञ एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

शामली। गुरूवार को शहर के रालोद कार्यालय पर भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर हवन यज्ञ एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यज्ञ के यजमान विजय कौशिक रहे, जबकि सभा की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष वाजिद अली ने की।



गुरूवार को शहर के भैंसवाल रोड स्थित रालोद कार्यालय पर देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। हवन में उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकताओं एवं नागरिकों ने आहुति प्रदान की। यज्ञ के मुख्य यजमान रालोद प्रदेश महासचिव विजय कौशिक रहे। इसके बाद पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और उनकी पुण्य स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया। इसके पश्चात चौधरी चरण सिंह के जीवन, विचारों एवं विशेष रूप से किसानों, मजदूरों और ग्रामीण भारत के हित में किए गए कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष चौधरी वाजिद अली ने कहा कि चौधरी चरण सिंह किसानों के सच्चे मसीहा थे। उनका सम्पूर्ण जीवन समाज के वंचित वर्गों और किसानों की आवाज बुलंद करने में समर्पित रहा। हमें उनके आदर्शों पर चलकर देश में सामाजिक न्याय और आर्थिक समानता स्थापित करने का प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर बाबूराम पंवार, राजन जावला, विक्रांत जावला, विजय मलिक, विकास धीमान, देवानंद गौड, राजू निर्वाल आदि मौजूद रहे।

## सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा स्वमनिर्मित खाद्य सामग्री एवं लड्डू गोपाल के ड्रेस के स्टॉल लगाकर जानकारी दी।

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

शामली। शहर के नगर पालिका परिषद सभागार में उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश अनुसार रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वी जयंती के अवसर पर महिला कर्मचारियों को डूडा विभाग के द्वारा सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा स्वमनिर्मित खाद्य सामग्री एवं लड्डू गोपाल के ड्रेस के स्टॉल लगाकर जानकारी दी। ब्रांड एंबेसडर बीना अग्रवाल के द्वारा रानी



अहिल्याबाई होलकर के जीवन से जुड़ी घटनाओं की जानकारी दी गई तथा उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका की सफाई खाद्य निरीक्षक आदेश कुमार सैनी, ब्रांड एंबेसडर प्रदीप सिंघल, ब्रांड एंबेसडर बीना अग्रवाल, आईटीसी मिशन सुनहरा कल की ओर से क्लस्टर सुपरवाइजर सुनील कुमार, वैभव गोयल, विनोद कुमार कंडेरा आदि मौजूद रहे।

## चौधरी चरणसिंह की नीतियों को आगे बढ़ाएगे अखिलेश यादव-सुधीर पंवार

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

शामली। भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरणसिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर समाजवादी पार्टी ने भैंसवाल स्थित कैम्प कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की। जिसमें पार्टी पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों ने भाग लिया।

पूर्व राज्यमंत्री प्रोफेसर सुधीर पंवार ने चौधरी साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा सभा को सम्बोधित करते हुए उनके जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण घटनाओं को याद किया।उन्होंने कहा कि भारतीय राजनीति में चौधरी साहब ग्रामीण भारत के सबसे बड़े पैरोकार थे। उन्होंने पूरा जीवन किसानों एवं मजदूरों की भलाई के लिए कार्य किया। समाजवादी पार्टी उन्हीं की नीतियों पर चल रही है। अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री रहते हुए किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए कृषि नीति लागू की थी। जिलाध्यक्ष अशोक चौधरी ने कहा कि चौधरी साहब ने उप्र के मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री बनते ही गन्ने के मूल्य बढ़ाए जिससे गाँवों में पक्के मकान बने। इस अवसर पर बिट्टू प्रधान, चौधरी बाबूराम पंवार, सत्यपाल सिंह, योगराज सिंह, सचिन पंवार, अमरदीप, खुशनूद, देवेंद्र वालिया, पवन पंवार आदि मौजूद रहे।

## स्कॉटिश की सावी जैन को शिक्षा मंत्री ने किया सम्मानित

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

शामली। शहर के स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल की हाईस्कूल की टॉपर छात्रा सावी जैन को शिक्षा मंत्री द्वारा सम्मानित किया गया है। प्रधानाचार्या आशु त्यागी ने बताया कि कल दिल्ली में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में देशभर के टॉपर्स को शिक्षा मंत्री भारत सरकार द्वारा सम्मानित किया गया। देशभर में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन की छटा बिखेरने वाले सभी छात्र-



छात्राओं को भारत सरकार के शिक्षा मंत्री द्वारा सम्मानित किया जाना विद्यालय व शामली क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। आपकी भौगोलिक स्थिति मायने नही रखती आपका परिश्रम आपको सफलता के उच्चतम शिखर पर प्रतिष्ठापित कर सकता है। सावी जैन ने अपनी मेहनत व गुरूओं के सही दिशा निर्देश व विद्यालय के सुरक्षित और अनुशासित वातावरण के कारण ही ऐसी सफलता हासिल की है। मेधा का सम्मान वर्तमान सरकार हर स्तर पर करती है। सावी का चयन मुख्यमंत्री द्वारा किए जाने वाले सम्मान समारोह के लिए भी हुआ है, और अब कुछ समय की ही बात है जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी सभी प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित करेंगे। इस अवसर पर पूरे स्कॉटिश परिवार में हर्ष का माहौल रहा।

## सहकारी चीनी मील संघ का निदेशक बनाए जाने पर स्वागत समारोह का आयोजन



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

कांधला - दिल्ली सहारनपुर हाईवे स्थित द गोल्ड पब्लिक स्कूल मे स्कूल के प्रबंधक कृष्णपाल सिंह को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मील संघ का निदेशक बनाए जाने पर स्वागत समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम के प्रारंभ में सर्वप्रथम निदेशक कृष्णपाल सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया उन्होंने कहा कि आज वह हमारे बीच नहीं लेकिन हमें उनके आदर्शों पर चलना है उन्होंने हमेशा किसान मजदूर की लड़ाई लड़ने का काम किया है देश के हित मे कार्य किए है वह इस पद को मिलने के बाद किसान हितों की लड़ाई लड़ते रहेंगे कार्यक्रम में पहुंचे अतिथिगण व स्कूल प्रधानाचार्य अजय कुमार ने स्टाफ के साथ मिलकर किरशनपाल सिंह का स्वागत किया इस अवसर पर वहाँ नवीन मलिक, देवेंद्र मलिक, ओमसिंह, रामनिवास, करुणा सिंह, अनुराधा सिंह आदि लोग मौजूद रहे

## ग्राम पंचायत भवन में कृषि संकल्प यात्रा का आयोजन

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

कांधला, गुरुवार को विकसित कृषि संकल्प यात्रा अंतर्गत ग्राम पंचायत भनेडा, भारसी व कनियान मे कार्यक्रम आयोजित किये गए।ग्राम पंचायत भारसी मे कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य अरविंद पंवार ने की। सहायक विकास अधिकारी कृषि जयदेव कुमार ने ग्राम वासियो को किसान सम्मान निधि योजना, फार्मर आईडी, सोलर पम्प योजना, राजकीय बीज भण्डार पर किसानो को मिलने वाली सुविधा के वारे मे बताया।धान की सीधी बुवाई पद्धति पर चर्चा की।सहायक विकास अधिकारी कृषि रक्षा अजय तोमर ने जैविक कीटनाशक मे नीम आयल, छाछ द्वारा जैविक फफुद नाशक तैयार करने व प्रयोग विधी के बारे मे बताया। मृदा परीक्षण प्रयोगशाला प्रभारी सन्नी चौहान ने मृदा परीक्षण, पोषक तत्व का पौधो की कार्यिक वृद्धि के लाभ के बारे मे बताया। कृषि विज्ञान केन्द्र वैज्ञानिक डा साकिब प्रवेज ने कृषि यंत्रो के रख रखाव, कृषि यंत्रीकरण की फसल उत्पादकता मे महत्ता के बारे मे बताया। साथ ही अवशेष प्रबंधन, जल संरक्षण की जानकारी दी। कृषि विज्ञान केन्द्र वैज्ञानिक प्रभारी डा सन्दीप चौधरी ने क्षेत्रीय प्रमुख फसल गन्ना मे प्रजाति को 0118, 80327, 0237,13235,03251 आदि, बीज शोधन मे कार्बेन्डाजिम, ट्राइकोड्रमा के प्रयोग, गन्ने के मुख्य रोग ब्लैक स्मट, लाल सडन रोग की रोकथाम, के साथ ही संतुलित उर्वरक प्रयोग के बारे मे जानकारी दी। ग्राम पंचायत प्रधान भारसी सन्दीप कुमार ने सरकार के किसान उत्थान के प्रयासो के बारे मे किसानो बताया।

जिला पंचायत सदस्य अरविंद पंवार ने सरकार की उपलब्धियो के बारे मे बताया। ओपरेशन सिन्दूर की सफलता की की सभी को बधाई दी व किसान को लैब टु लैंड के कार्यक्रम से जुडने के लिए किसानो को प्रेरित किया। इस मौके पर प्राविधिक सहायक चन्द्र पाल, सहायक तकनीक प्रबंधक धर्मेंद्र, धर्मवीर, राजेन्द्र, बुद्धसिह, सोनु, संगीता, जयवती आदि मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से ई रिक्शा सवार 3 ग्रामीण घायल

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

कांधला, दिल्ली सहारनपुर हाइवे द गोल्ड पब्लिक स्कूल के समीप ई रिक्शा को अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट मे ले लिया।हादसे मे ई रिक्शा मे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया।। जिनमे 2 लोगो की हालत को नाजुक देखते हुए मेरठ रेफर कर दिया गया है।

थाना क्षेत्र के गाँव जसाला निवासी संजय कुमार गाँव मे किरयाना की दुकान करता है। परिजन राहुल के अनुसार रोजाना की तरह संजय अपने गाँव निवासी कल्लू की ई रिक्शा में बैठकर सामान खरीदने के लिए कांधला आ रहा था। बीच रास्ते गाँव निवासी सुरेंद्र भी उनके साथ कांधला जाने के लिए ई रिक्शा मे सवार हो गया। जब ये लोग दिल्ली सहारनपुर हाइवे दा गोल्ड पब्लिक स्कूल के पास पहुचे तो अज्ञात वाहन ने ई रिक्शा को अपनी चपेट मे ले लिया। जिसके कारण उसमे सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरो की मदद से तीनों घायलो को कस्बे के निजी चिकित्सालय मे उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहाँ से संजय व कल्लू की हालत को नाजुक देखते हुए चिकित्सक ने दोनो को मेरठ के लिए रेफर कर दिया। मामले मे समाचार लिखे जाने तक कोई तहरीर नहीं दी गई थी उधर परिजनों के अनुसार दोनों की हालत चिंता जनक बनी हुई है

## कोतवाल ने तीन गांवों के ग्रामीणों के साथ में की बैठक

### ईद-उल-अजहा का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने व आपसी सौहार्द बरकरार रखने की अपील

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

कैराना। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने खादर क्षेत्र के तीन गांवों के ग्रामीणों के साथ में बैठक आहूत की। इस दौरान उन्होंने लोगो से ईद-उल-अजहा का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने तथा आपसी सौहार्द को बरकरार रखने की अपील की है। साथ ही, चेतावनी दी है कि नशे की तस्करी करके समाज को खोखला करने वाले व्यक्ति को किसी भी कीमत पर बख्शा नही जाएगा।

गुरुवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने खादर क्षेत्र के गांव इस्सापुर खुरगान, बसेड़ा व दभेड़ी खुर्द में ग्रामीणों के साथ में बैठक की। उन्होंने ग्रामीणों के साथ में संवाद करते हुए क्षेत्र की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि असामाजिक तत्व समाज में वैमनस्यता पैदा करने का कार्य करते है। ऐसे लोगो का सामाजिक स्तर पर बहिष्कार होना चाहिए। उन्होंने आगामी दिनों में होने जा रहे ईद-उल-अजहा के त्योहार को कानून के दायरे में रखकर शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का आह्वान किया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि नशे का दानव समाज की जड़ों को खोखला करने का कार्य कर रहा है। युवा पीढ़ी नशे की दलदल में फंसकर अपने आपको बर्बाद कर रही है। ऐसे में समाज को एकजुट होकर नशे के खिलाफ लड़ाई लड़नी होगी। उन्होंने स्वार्थसिद्धि के लिए नशे के सौदागरों को सख्त लहजे में चेतावनी दी है। कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नही की जाएगी। इस तरह के धंधे में लिप्त लोग अपनी आदतों से बाज आये, वरना उन्हें उनके अंजाम तक पहुंचाने में कोई रहम नही दिखाया जाएगा। इस अवसर पर भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## गर्मी में पानी की बढ़ी जरूरत, चौसाना में कई हैंडपंप व नल खराब

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

झिंझाना चौसाना । गर्मी का पारा चढ़ने के साथ ही चौसाना गांव में पेयजल संकट गहराने लगा है। ऊन ब्लॉक की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत मानी जाने वाली चौसाना में इस समय कई सार्वजनिक नल और हैंडपंप खराब पड़े हैं, जिससे स्थानीय लोगों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव की आबादी लगभग तीस हजार है, लेकिन भीषण गर्मी के बीच कुछ इलाकों में पेयजल की उपलब्धता बाधित हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि चौहान मेडिकल, बिलाल मस्जिद और लम्बरदार मोहल्ला सहित कई जगहों पर सार्वजनिक नल खराब हैं। ये स्थान गांव के मुख्य मार्गों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में आते हैं, जहां से रोजाना सैकड़ों लोग गुजरते हैं। ग्रामीण गुलजार, साकिब, अनवार, इमरान, इसरार, सददाम, अरशद, खालिद, शहजाद आदि का कहना है कि खराब नलों की शिकायत कई बार की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला। इनका कहना है कि गांव में बढ़ती गर्मी के बीच पीने के पानी की सबसे ज्यादा जरूरत होती है, लेकिन समय पर मरम्मत नहीं हो पाने से दिक्कतें हो रही हैं।

वाटर कूलर का नहीं कोई इंतजाम- गांव में अभी तक कोई वाटर कूलर नहीं लगाया गया है, जिससे राहगीरों को ठंडे पानी की सुविधा नहीं मिल पा रही। ग्रामीणों की मांग है कि भीड़भाड़ वाले स्थानों पर वाटर कूलर लगाए जाएं ताकि लोगों को राहत मिल सके।

## महिलाओं के साथ मारपीट का आरोप, एक सप्ताह बाद भी दर्ज नहीं हुआ मुकदमा

### झिंझाना चौसाना क्षेत्र के मजरा भड़ी का मामला, घायल महिलाएं अस्पताल में भर्ती

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

चौसाना। क्षेत्र के मजरा भड़ी में दो पक्षों के बीच चली आ रही पुरानी रंजिश ने एक बार फिर तूल पकड़ लिया। 23 मई को फुरकान पक्ष और तेवर पक्ष के बीच कहासुनी के बाद विवाद इस कदर बढ़ गया कि फुरकान पक्ष की महिलाओं के साथ मारपीट की गई। आरोप है कि तेवर पक्ष के लोगों ने लाठी-डंडों से हमला किया, जिसमें तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं।

फुरकान पक्ष के लोगों का कहना है कि झगड़े के दौरान एक महिला का पैर टूट गया, जबकि अन्य दो को सिर व शरीर में गंभीर चोटें आई हैं। सभी घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि घटना के एक सप्ताह बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की और न ही उनकी तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया। घटना को लेकर पीड़ित पक्ष न्याय की गुहार लगाता फिर रहा है। उनका कहना है कि वे कई बार चौकी पर जाकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग कर चुके हैं, लेकिन हर बार उन्हें टाल दिया गया।

झिंझाना थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार से बात की गई तो उन्होंने कहा, घटना के बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं है।

## शिक्षिका पुनम कुमार तोमर ने प्रतियोगिता में मारी बाजी

शामली। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा शिक्षकों के लिए आयोजित राज्य स्तरीय आईसीटी प्रतियोगिता में शामली जनपद की शिक्षिका पुनम कुमार तोमर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जनपद का नाम रोशन किया है। प्राथमिक विद्यालय मखमूलपुर, कांधला की शिक्षिका पूनम तोमर ने लखनऊ स्थित कावेरी सभागार में 13 से 16 मई, 2025 के मध्य आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। यह प्रतियोगिता प्रदेश के सभी जनपदों से चयनित पुरुष एवं महिला शिक्षकों के बीच आयोजित की गई थी, जिसमें प्रतिभागियों को कक्षा शिक्षण को अधिक प्रभावी और रुचिकर बनाने के लिए आईसीटी (सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी) व नवीन तकनीकी विधाओं का प्रस्तुतीकरण करना था।

## भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित किया जाए : डॉ॰मुन्ना कुमार शर्मा

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

सहारनपुर,देववृन्द। देववृन्द के तेज पैलेस बैंक्वेट हॉल में अखिल भारत हिन्दू महासभा,उत्तरप्रदेश द्वारा आयोजित स्वातंत्र्य वीर सावरकर जयंती समारोह को संबोधित करते हुए अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ॰मुन्ना कुमार शर्मा ने देशवासियों का आह्वान किया है कि हमें देश के महानतम स्वतंत्रता सेनानी व क्रांतिकारी वीर सावरकर के पदचिह्नों पर चलते हुए भारत को अखंड हिंदू राष्ट्र बनाना है। उन्होंने कहा कि हमें वीर सावरकर के आदर्शों को अपनाना है और भारत को पुनः विश्वगुरु बनाना है।उन्होंने कहा कि वीर सावरकर हमारे लिए प्रेरणाश्रोत हैं। उन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए सर्वस्व न्यौछावर कर दिया था। उन्होंने राजनीति का



हिन्दूकरण और हिंदुओं के सैनिकीकरण का आह्वान किया था।उन्होंने ही हिन्दी,हिन्दू व हिंदुस्थान का नारा दिया था,हमें उनके अधूरे सपनों को पूरा करना होगा। डॉ॰मुन्ना कुमार शर्मा ने केंद्र व उत्तरप्रदेश सरकार से भारत को अखंड हिन्दू राष्ट्र घोषित करने व आतंक की फैक्ट्री दारुल उलूम देवबंद को तत्काल प्रतिबंधित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि दारूल उलूम में आतंकवादी पैदा किया जाता है। यह संस्था भारत को इस्लामिक राष्ट्र और पूरे विश्व को इस्लामिक विश्व बनाना चाहता है। इन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए यह संस्था मुस्लिम युवकों को इस्लामिक कट्टरता का पाठ पढ़ाता है।इसलिए इस आतंकवादी संस्था को तत्काल गैरकानूनी घोषित किया जाना चाहिए। डॉ॰शर्मा ने केंद्र सरकार से एक समान नागरिक कानून बनाने,गौहत्या पर केंद्रीय स्तर पर प्रतिबंध लगाने,हिन्दू महिलाओं,हिन्दू संतों,हिन्दू कार्यकताओं को पूर्ण सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। समारोह में महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी सहजानंद पुरी महाराज,राष्ट्रीय महामंत्री सुनील कुमार,राष्ट्रीय कार्यालय मंत्री वीरेश त्यागी, योगी जयनाथ ,उत्तरप्रदेश हिन्दू महासभा के प्रदेशाध्यक्ष संजीव राणा,दिल्ली प्रदेशाध्यक्ष अशोक कुमार,विवेक वशिष्ठ,संजीव मिश्रा,सहित बड़ी संख्या में हिंदू महासभा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

वन राज्यमंत्री ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर श्रद्धांसुमन अर्पित किए

# महाराणा प्रताप वीरता, पराक्रम व देशभक्ति की मिसाल - मंत्री शर्मा

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरों**

अलवर 29 मई। पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने आज वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की जयन्ती के उपलक्ष्य में मोती डूंगरी स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर क्रेन की सहायता से पुष्पमाला पहनाकर श्रद्धांसुमन अर्पित किए। वन राज्यमंत्री शर्मा ने वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप को स्मरण करते हुए कहा कि शौर्य, त्याग, पराक्रम, देशभक्ति और दृढ प्रण की पहचान महाराणा प्रताप का जीवन और उनके वीरता से भरे इतिहास को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के प्रेरणा स्रोत मातृभूमि भक्त महान योद्धा महाराणा प्रताप राष्ट्र की अस्मिता के प्रतीक हैं। वीर प्रसूता भूमि राजस्थान के शूरवीरों की पंक्ति में उनका नाम स्वर्णिम अक्षरों में अंकित है। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप, राणा सांगा, पृथ्वीराज चौहान, रानी लक्ष्मीबाई जैसे शूरवीरों हमारे आइडल है, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए विदेशी आक्रांताओं को लौहे के चने चबवाए थे। इन महान राष्ट्रभक्तों ने देश की आन-बान की रक्षा करते हुए अपना सर्वत्र न्योछावर किया। युवा पीढी को इन राष्ट्रभक्तों से देशभक्ति की प्रेरणा लेकर देश को विकास के मार्ग पर अग्रसर करने में सहयोग करना चाहिए। इस दौरान बडी संख्या में



उपस्थित लोगों ने महाराणा अमर रहे के गगनचुंभी जयकारे लगाए। इसके पश्चात वन राज्यमंत्री ने अपनी नियमित पौधा लगाने के संकल्प के तहत मोती डूंगरी पार्क में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 19 मई को मोती डूंगरी स्थित पार्क में वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण किया था। लगभग 50 लाख रुपए की लागत से बनी यह प्रतिमा पंचधातु से निर्मित है। इस प्रतिमा की उंचाई साढ़े 12 फीट और वजन 2 हजार 200 किलोग्राम है। प्रतिमा की स्थापना के बाद यह स्थल अलवरवासियों के लिए एक नया ऐतिहासिक और सांस्कृतिक केंद्र बन गया है।\

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, श्री संजय नरुका, संजय नरुका, जीतेन्द्र राठौड़, पं. जले सिंह, गोरधन सिंह सिसोदिया, प्रमोद विजय, अरुण जैन, डॉ. के के शर्मा, सतीश यादव, महेश निहालवानी, जीतू सैनी, सुरेश मेहता, लोचन यादव, घनश्याम सोनी, विष्णु शंकर, रवि जैन, संध्या मीणा, सूरजबान गौड़, दीपक तंवर, आशुतोष शर्मा, रविराज चौहान, प्रकाश अड़चीवल, उम्मेद सिंह चौहान, नरेंद्र नरूका, संजीव अग्रवाल, विजय राजपूत, ममता कंवर, श्याम यादव, ओमप्रकाश शर्मा, कमलकांत जांगिड़, संजय जैन, बंटी सरदार, श्लोक सिंह सरदार, चतर पटेल, अजय शर्मा, सागरयादव, भूपेंद्र राठौर, दीपक शर्मा, कपिल जैन सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे,

# अभियान सेहत में की जा रही है बिमारियों की जांच

## निदान कैम्प लगाकर किया जा रहा है ईलाज

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरों**



खैरथल -तिजाराः खंड कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार शर्मा ने बताया की योजना का मुख्य उद्देश्य वर्तमान परिपेक्ष में जीवन शैली में उत्पन्न स्वास्थ्य सेवाओं के निराकरण के लिए खण्ड मुण्डावर के अधीन समस्त राजस्व गॉव में जनहित में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने एवं प्रत्येक व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूकता के लिए गाँव-गाँव कैम्पों का आयोजन गत 15 अप्रेल 2025 से किया जा रहा है, जो आगामी 03 माह तक चलाया जायेगा इसमें प्रमुखतः गैर-संचारित रोगों जैसें- उच्च रक्तचाप, शुगर एवं मुख, स्तन, व गर्भाशय कैंसरों जैसें रोगों का परीक्षण किया जायेगा एवं प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत रएउउ-2011 के चिन्हित व्यक्तियों की ए-ङउ की जायेगी तथा गॉव के प्रत्येक व्यक्ति की आभा आईडी बनाई जायेगी साथ ही टी. बी. मुक्त राजस्थान कार्यक्रम के तहत प्रत्येक गाँव में संभावित टी. बी. मरीजों की जॉच हेतु सैम्पल लिया जायेगा। इसके अतिरिक्त अन्य प्रकार की सभी बिमारियों की जॉच एवं निदान कैम्प में ही किया जायेगा।

खण्ड कार्यक्रम अधिकारी मुण्डावर अवधेश कुमार शर्मा ने खण्ड मुण्डावर के सभी ग्रामवासियों से अपील है कि आपके गॉव में निर्धारित दिवस पर लगने वाले कैम्प में सभी पहुंचें एवं उक्त स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठायें। सम्बधित गॉव में कैम्प दिवस व स्थान की जानकारी सम्बधित एएनएम,आशा सहयोगिनी व ऑगनबाडी कार्यकर्ता से मिल जायेगी तथा सम्बधित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से भी कैम्प का पता लगा सकते है।

# जिला कलक्टर ने किया वी-शक्ति ट्रस्ट कार्यालय एवं प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरों**

अलवर। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने आज हसनखां मेवात नगर में वी-शक्ति ट्रस्ट के कार्यालय एवं प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस दौरान उन्होंने तुलसी पूजन कर तुलसी के पौधे का रोपण किया।

वी-शक्ति ट्रस्ट की अध्यक्ष प्रज्ञा यादव ने बताया कि ट्रस्ट का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है।

उन्होंने कहा कि पहले महिलाएं केवल मिट्टी के बर्तन बनाने, सिलाई करने जैसे कार्य हाथ से करने तक ही सीमित थीं, वर्तमान समय में महिलाएं कंप्यूटर, अंग्रेजी शिक्षा और डिजिटल दुनिया में अपनी जगह बनाना चाहती हैं। वी-शक्ति ट्रस्ट उन्हें विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है।

उन्होंने बताया कि ट्रस्ट ने सेवानिवृत महिलाओं और पुरुषों के लिए एक 'गौशाला लाइब्रेरी की भी स्थापना की गई है जहां वे अपने खाली समय में जाकर गीता और गोपाल के पाठ पढ़ सकते हैं। उन्होंने बताया कि बच्चों के लिए कंप्यूटर शिक्षा हेतु 'ई-गुरुकुल' और 'ई-लाइब्रेरी' की शुरूआत की गई है, जहाँ उन्हें डिजिटल ज्ञान प्रदान किया जा रहा है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों के लिए 'ज्ञान वाहन' संचालित किया जा रहा है जिसमें डिजिटल सुविधाओं से युक्त पुस्तकें मौजूद हैं जो बच्चों को तकनीकी रूप से सशक्त बना रही हैं। उन्होंने बताया कि वी-शक्ति ट्रस्ट द्वारा अलवर के विभिन्न क्षेत्रों में लघु मेलों का आयोजन किया गया था जिसमें महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु प्रशिक्षण, निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इन मेलों में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# हरसोली में जीर्णोद्धार हुए संतदास मंदिर का लोकार्पण आठ जून को



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरों**

खैरथल !शहर के समीपवर्ती ग्राम हरसोली में लोक आस्था के प्रतिक संतदास मंदिर के कराए गए

जीर्णोद्धार के बाद आगामी आठ जून को भव्य उद्घाटन किया जाएगा!

प्रसिद्ध उद्योगपति रामचरण मोदी ने बताया की कार्यक्रम के तहत सोमवार दो जून को प्रातः सवा आठ बजे गांव के पुजारी मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी !वही शनिवार सात जून को दोपहर सवा तीन बजे मूर्तियों को नगर भ्रमण कराया जाएगा !रविवार आठ जून को सवा ग्यारह बजे मंदिर का उद्घाटन किया जाएगा व सवा बारह बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा!

# बैतूल नौतपे की भीषण गर्मी में भी किया 25 यूनिट

## वक्त का हर क्षण और रक्त का हर कण अमूल्य होता हैपति-पत्नी ने भी किया रक्तदान

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**



बैतूल। नौतपे की भीषण गर्मी ने जब पेड़, पशु, मनुष्य सबके हौसले पस्त कर दिए, तब भी जैरी चौक शोभापुर कॉलोनी सारणी में भीषण गर्मी रक्तदाताओं के हौसलों को तोड़ नहीं पाई। यहां भीषण गर्मी के बीच में जनकल्याण समिति और मां शारदा सहायता समिति द्वारा 29 मई को आयोजित रक्तदान शिविर में 25 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया और यह साबित कर दिया कि भीषण गर्मी भी उनके हौसले को तोड़ नहीं सकती। शिविर में रक्तक्रांति टीम के शैलेंद्र बिहारिया, सागर सिंह चौहान, सुरेश नागले, राजू भारती ने मां भारती का पूजन कर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया।

शिविर में एक दंपति ने एक साथ जाकर मानवता का श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत करते हुए रक्तदान किया। शिक्षिका श्रीमती दीपिका रघुवंशी और श्री निर्देश रघुवंशी ने रक्तदान कर यह संदेश दिया कि मानवता के कल्याण हेतु आयोजित इस पुनीत आयोजन में परिवार सहित सहभागिता की जानी चाहिए। इस अवसर पर पंकज यादव, राधेश्याम मालवीय, प्रशांत डहेरिया, सनवर मंछुरी, नितेश भारती, नंदकिशोर बनखेड़े, रमेश हरोड़े, योगेश सिंह, कृतिका सिंह, ओंकार सिंह, आशुतोष सिंह, प्रदीप नागले, वर्षा साहू, अनिकेत, अरुण, अशोक, राकेश ने रक्तदान किया।

आयोजित रक्तदान शिविर में शैलेंद्र बिहारिया और सागर सिंह चौहान ने कहा कि वक्त का हर क्षण और रक्त का हर कण अमूल्य होता है। जो विद्या का दान करता है, उसे 'विद्या दाता' कहते हैं, जो धन का दान करता है, उसे 'धन दाता' कहा जाता है, जो वस्त्र का दान करता है, उसे 'वस्त्र दाता' कहा जाता है। लेकिन जो रक्त का दान करता है, केवल उसे ही ह्यजीवनदाताव्ह कहा जाता है। इसलिए अपने रक्त से किसी के घर के बुझते चिराग को नई रोशनी प्रदान करें। इस अवसर पर 50वीं बार रक्तदान करने वाले ओ-नेगेटिव रक्तदाता सुरेश नागले को उनके जन्मदिन पर रक्तदान करने के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि अब रक्तदान को सामाजिक आयोजनों जैसे विवाह, श्रद्धांजलि सभा आदि में भी जोड़ा जाना चाहिए।

# आकाश अंबानी ने किए सालासर बालाजी के दर्शन, बांधा मन्नत का नारियल; कहा- अब परिवार के साथ आउंगा

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

राजस्थान। मंदिर के महंत मांगी लाल जी ने उन्हें बालाजी की स्वयंभू प्रतिमा और मंदिर की ऐतिहासिक कथा से अवगत कराया, जिससे वे प्रभावित हुए। आकाश अंबानी ने भविष्य में पूरे परिवार के साथ बार-बार मंदिर आने की बात कही।

रिलायंस जियो इंफोकॉम लिमिटेड के चेयरमैन और मुकेश अंबानी के बड़े बेटे आकाश अंबानी गुरुवार को चुरू पहुंचे। यहां उन्होंने सालासर बालाजी के दर्शन किए। उन्होंने सालासर बालाजी मंदिर में एक घंटे तक पूजा-अर्चना की। साथ ही बालाजी को मनोकामना का नारियल भी बांधा। मंदिर महंत मांगी लाल जी ने बताया कि आकाश अंबानी ने मनोकामना का नारियल बंधा। स्वयंभू बालाजी के विषय में जानकर बोले कि मैं इस जानकारी से अनजान था। बालाजी की महिमा के बारे में सुनकर उन्होंने परिवार के साथ निरंतर आकर बालाजी के दर्शन करने की बात कही। महंत ने बताया कि उनको पूरा मंदिर स्थल दिखाया गया। आकाश अंबानी को देखकर मुंबई इंडियंस के लिए प्रशंसकों की हूटिंग हुई। बता दें कि अंबानी परिवार अक्सर राजस्थान आता रहता है। सालासर बालाजी का मंदिर चुरू जिले के सुजानगढ़ में है, यहां देश के हर राज्य से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। ये देश इकलौत मंदिर है, जहां हनुमान जी की प्रतिमा ढाढ़ी- मूंछ में है।

# राजस्थान आदिवासी मीना सेवा संघ के रामगढ़ शेखावाटी के चुनाव

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



सीकर। राजस्थान आदिवासी मीणा सेवा संघ के रामगढ़ शेखावाटी के तहसील स्तरीय निर्वाचन जिलाध्यक्ष वीरेंद्र मीणा की अध्यक्षता व निर्वाचन अधिकारी सांवरमल मीणा तथा पर्यवेक्षक महादेव राम मीणा की देखरेख में संपन्न हुए। जिसमें सर्वसम्मति से कालूराम मीणा को तहसील अध्यक्ष बनाया गया। जबकि सुभाष चंद मीणा को महामंत्री तथा बनवारी लाल मीणा को कोषाध्यक्ष पद पर चुना गया। नवनियुक्त पदाधिकारीयों का समाज के लोगों द्वारा फूल माला पहनाकर मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। बैठक में संघ के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र मीणा ने नवनियुक्त पदाधिकारीयों को मीणा समाज में फैली कुरीतियों, रूढ़िवादी विचारधारा और बुराइयों को दूर करते हुए सर्व समाज में भाईचारा और शांतिप्रिय माहौल कायम करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पाखंडवाद से दूर रहते हुए शिक्षा के क्षेत्र में ज्यादा ध्यान देना आज की महती आवश्यकता है।

तहसील स्तरीय निर्वाचन बैठक में नागरमल मीणा, सीताराम मीणा, सुभाष चंद्र मीणा, बनवारी लाल मीणा, महेंद्र मीणा, चंदा देवी, प्रदीप मीणा, सुमन देवी, महिमा मीणा सहित सीकर जिले के समाजसेवी शिवलाल मीणा, प्यारेलाल मीणा, एडवोकेट सुरेश मीणा, चंद्रशेखर मीणा, गिरधारी लाल मीणा, हेमंत मीणा सहित सैकड़ो मीणा समाज के लोग उपस्थित रहे।

# बैतूल सुकी गांव के कोटवार को तत्काल पद से हटाने की मांग

## ग्रामीणों ने तहसीलदार को सौंपा आवेदन



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

बैतूल। सुकी ग्राम के कोटवार के खिलाफ ग्रामीणों ने तहसीलदार आठनेर से सामूहिक शिकायत करते हुए तत्काल पद से हटाने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि कोटवार का व्यवहार लगातार विवादास्पद रहा है। 24 मई को ग्राम में आयोजित एक विवाह समारोह में कोटवार ने आयोजकों और टेंट वालों से झगड़ा किया।

शिकायतकताओं ने बताया कि कोटवार ने अपने खेत में स्थित सरकारी कुएं के रास्ते को बंद कर दिया है, जिससे ग्रामवासियों को पेयजल के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आसपास के ग्रामीणों और किसानों को भी वह कुएं तक जाने से मना करता है।

ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि कोटवार गांव में होने वाले विभिन्न सार्वजनिक कार्यक्रमों में भी बार-बार झगड़े करता है और प्रशासनिक कार्यों में बाधा डालता है। मुनियादी नहीं करता और शासकीय योजनाओं की जानकारी भी ग्रामवासियों तक नहीं पहुंचाता। इसके अलावा उसकी निजी जमीन जो गांव से लगी हुई है, उसमें वह प्लॉट काटकर लोगों को बेचने का कार्य कर रहा है। इस पूरे मामले को लेकर गांव के नंदराम, शंकर, टीकाराम, अक्षय, किसन, निकेश, रविंद्र, दिनेश, राजेश, सुखदेव, पवन, रामप्रसाद, लक्ष्मण, सुभाष, रामदीन, बिशन सहित कई ग्रामीणों ने थाना आठनेर में आवेदन दिया है। ग्रामीणों ने आग्रह किया है कि गांव की शांति, विकास और प्रशासनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोटवार को तत्काल पद से हटाया जाए।

# बीएमओ करवाएंगे जांच-108 एम्बुलेंस के ड्राइवर ने की गरीब परिवार से वसूली

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**



बालाघाट। सरकार भले ही स्वास्थ्य सेवाओं को गरीब जनता के लिए मुफ्त करार देती हो,लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है।औल्याकन्हार निवासी पुष्पा भारद्वाज की बेटी मोनिका शिववंशी के साथ जो हुआ,वह सरकारी योजनाओं और जमीनी अमल के बीच की खाई को उजागर कर रहा है।

ज ा न ा क ा र ी अनुसार,मोनिका का विवाह उकवा के बिठली गांव के मनीष शिववंशी से हुआ था। लेकिन बिठली गांव में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के चलते मोनिका प्रसव के लिए अपने मायके औल्याकन्हार आ गई थी। बुधवार 21 तारीख को मोनिका को अचानक प्रसव पीड़ा हुई तो परिवारजनों ने सरकारी 108 एम्बुलेंस सेवा पर फोन किया। बताया जा रहा है कि जब एम्बुलेंस औल्याकन्हार पहुंची, तो ड्राइवर ने मरीज को सामुदायिक स्?वास्?थ्?य केन्?द्र तक ले जाने के लिए खर्चा-पानी के रेप में रुपये मांगे। परिवार की मजबूरी थी, इसलिए उन्होंने यह राशि दे दी।

यहीं कहानी खत्म नहीं होती। जब मोनिका को औल्याकन्हार से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया,तो वहां प्रसव संभव नहीं हो पाया। हालत बिगड़ने पर शाम 7:30 बजे मोनिका को जिला अस्पताल बूढ़ी रेफर कर दिया गया। इस बार एम्बुलेंस ड्राइवर ने बालाघाट पहुंचते ही रुपये की मांग कर दी। मोनिका के परिजनों ने मरीज की हालत को देखते हुए अनिच्छा से यह राशि भी दे दी।

मामले को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लालबर्रा के बीएमओ डॉ. ऋत्विक पटेल से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि मामले की जानकारी नहीं है जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।किसी भी मरीज से अवैध रूप से पैसा वसूलना घोर अनुचित है।

# एनएससी, जयंत में शनिवार को लगेगा कार्डियोलॉजी, ओंकोलोजी एवं आर्थोपेंडिक्स संबंधी सुपरस्पेशलिटी स्वास्थ्य शिविर



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो।**

सिंगरौली। एनसीएल के नेहरू शताब्दी चिकित्सालय, जयंत (एनसीएल) के तत्वाधन में आगामी शनिवार को निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा।

शिविर के दौरान एकोर्ड सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, फरीदाबाद के चिकित्सकों की टीम के द्वारा उपस्थित सभी का कार्डियोलॉजी, ओंकोलोजी एवम् आथोर्पेडिक्स संबंधी स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। इस दौरान आस पास के क्षेत्र के स्थानीय लोग शिविर में आकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे।

गौरतलब है कि एनएससी, जयंत द्वारा समय समय पर स्थानीय समुदाय को उच्च स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु ऐसे अनेक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है।

# उपायुक्त ने की पंचायत सचिवालय अन्य का औचक निरीक्षण



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**
पाकुड़ (झा०खं०), उपायुक्त मनीष कुमार के द्वारा महेशपुर प्रखंड अंतर्गत दमदमा पंचायत सचिवालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पंचायत सचिवालय खुला पाया गया एवं संबन्धित मुखिया, पंचायत सचिव, जेई, भीएलई उपस्थित पाये गये। उपायुक्त के द्वारा पंचायत सचिवालय में उपलब्ध पंजियों, पंचायत सुदृढ़ीकरण, पंचायत ज्ञान केंद्र का उपयोगिता प्रमाणपत्र, किए जा रहे कार्यों आदि का निरीक्षण किया गया। उन्होंने भस्मक, हैंड वाश यूनिट, सेग्रीगेसन बीन, ज्ञान केन्द्र इत्यादि योजनाओं का भी निरीक्षण किया। उपायुक्त ने पंचायत सचिवालय में वाटर प्यूरीफायर जल्द से जल्द लगाने का निर्देश पंचायत सचिव शैलेश हांसदा को दिया। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि पंचायत भवन एक सरकारी पंचायत कार्यालय है और कार्यालय अवधि में किसी स्थिति में पंचायत भवन को बंद नहीं रखना है। इसके अलावे उपायुक्त मनीष कुमार ने प्रखण्ड पंचायत संसाधन केन्द्र महेशपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने बीडीओ को जल्द से जल्द बीपीआरसी केन्द्र की संचालित कराने का निर्देश दिया। कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण समयबद्ध एवं निरन्तर चलने वाली प्रक्रिया है। साथ ही रोलाग्राम पंचायत के महेशगड़िया ग्राम में धुमकुड़िया भवन का निरीक्षण कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, बीपीआरओ, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, बीपीओ, एई, जेई, प्रखंड समन्वयक समेत अन्य उपस्थित थे।

# पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने संभाल कार्यभार



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
पाकुड़ (झा०खं०), नवपदास्थापित 2013 बैच की आईपीएस अधिकारी निधि द्विवेदी ने पुलिस अधीक्षक, पाकुड़ का कार्यभार संभाल लिया है । उन्होंने निवर्तमान पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार से अपना पदभार ग्रहण किया। वही नवपदास्थापित पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने पदभार ग्रहण करने के पश्चात मीडिया को बताया कि विधि व्यवस्था बनाये रखने समेत पुलिस पब्लिक के दरमियान बेहतरीन आयाम/ रिलाशन स्थापित करने में प्राथमिकता रहेगी। साथ ही हर जरूरी दृष्टांत के ध्यानार्थ अवयवों को स्थापित करने व निष्पादन भी की जायेगी। उन्होंने कहा कि आज नया ज्वानिंग है और यहां की परिस्थितियों से अवगत होने के साथ क्राईम आदि जैसे नजर आयेगी, उसी अनुरूप मैं स्ट्रेटजी करुंगी।

वही निवर्तमान पुलिस अधीक्षक प्रभात ने बताया कि उनका कार्यकाल बहुत ही अच्छा रहा, पाकुड़ वासियों की ओर से आ रही मैसेज से एहसास हुआ कि मैंने अच्छा काम किया। उन्होंने कहा वाकई यहां के लोग और मीडिया की सपोर्ट सराहनीय रहा। वही डीसी मनीष कुमार व निवर्तमान पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने नवपदास्थापित पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी को गुलदस्ता भेंट की। इस दौरान एसडीपीओ, पुलिस पदाधिकारी समेत मीडिया साथी मौजूद थे।

# भूमि संरक्षण योजनाओं के तहत कार्य प्रगति का हुआ समीक्षा बैठक



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
साहेबगंज (झा०खं०), जिला गोपनीय कार्यालय में उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में भूमि संरक्षण विभागान्तर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न विकासात्मक योजनाओं जैसे तालाब निर्माण, प्रोकुलेशन टैंक, डिप बोरिंग एवं चेक डैम निर्माण की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। उपायुक्त ने पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि योजनाओं के निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए एवं कार्य समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से निमार्णाधीन तालाबों और प्रोकुलेशन टैंकों में भूमि विवाद की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए ऐसे मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।उन्होंने यह भी कहा कि योजनाओं की निगरानी नियमित रूप से की जाए और प्रत्येक कार्यस्थल की भौतिक जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए ताकि योजनाओं के प्रभाव का सही मूल्यांकन किया जा सके। बैठक में भूमि संरक्षण पदाधिकारी राहुल गुप्ता उपस्थित थे।

# ग्रामीण कार्य योजनाओं की हुई समीक्षा बैठक



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
साहेबगंज (झा०खं०), जिलादंडाधिकारी सह-उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय के प्रकोष्ठ में ग्रामीण कार्य विभाग (कार्य प्रमंडल) अन्तर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत वर्ष 2022-23 के दौरान चल रही परियोजनाओं की गहन समीक्षा की गई। बैठक की शुरूआत एक विस्तृत पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन (पीपीटी) के माध्यम से की गई, जिसमें विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही विभिन्न सड़कों की प्रगति, निर्माण की गुणवत्ता, समय-सीमा एवं बजट व्यय की जानकारी प्रस्तुत की गई। उपायुक्त ने योजनाओं की वर्तमान स्थिति, पूर्ण एवं अपूर्ण कार्यों की स्थिति की विस्तार से जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य तय समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। उन्होंने अपूर्ण परियोजनाओं की सूची तैयार कर उसे प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने पर बल दिया। इसके साथ ही सड़क निर्माण में पारदर्शिता एवं जन सहभागिता सुनिश्चित करने की बात कही। बैठक में ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता देवी लाल हांसदा, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता समेत अन्य उपस्थित थे। उपायुक्त ने अधिकारियों से क्षेत्रीय भ्रमण कर कार्यों की भौतिक प्रगति की निगरानी करने एवं नियमित रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया।

# जिला टॉपर नेहा रानी को शाखा प्रबंधक सह- टेट सहायक अध्यापक संघ ने किया सम्मानित



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**
लातेहार (झा०खं०), लातेहार। जिला अन्तर्गत बारियातू स्थित झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक शुभम कुमार एवं टेट सहायक अध्यापक संघ, बरियातू प्रखण्ड कमेटी की ओर से गुरुवार को मैट्रिक परीक्षा 2025 में जिला टॉपर बनी नेहा रानी को सम्मानित किया। नेहा बारियातू बस्ती निवासी सेवानिवृत्त पारा शिक्षक अशोक राम की पुत्री हैं। उन्होंने मैट्रिक परीक्षा में 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया है। इस अवसर पर बीएम शुभम कुमार ने नेहा रानी के साथ-साथ प्रखंड में ज्योति कुमारी (86.6%) एंव सपना कुमारी (85%) को नोटबुक एवं पानी की बोतल देकर सम्मानित किया।

वहीं, टेट सहायक अध्यापक संघ के अध्यक्ष उमेश यादव, सचिव भीम प्रजापति एवं जिला उपाध्यक्ष जय काली नाथ शाहदेव ने नेहा रानी के आवास पर पहुंचकर उन्हें पुष्पगुच्छ एवं सम्मान पत्र भेंट कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मौके पर विनोद मिश्रा, शिवनारायण राणा, शेखर यादव, शंभू प्रसाद, राजेश यादव, रमेश प्रसाद माझी, पंकज सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे। वही वक्ताओं ने नेहा की मेहनत, लगन और प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने जो मुकाम हासिल किया है, वह क्षेत्र के अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

## NH-133 पर तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने ली दो युवक की जान, विधायक ने प्रकट की शोक

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो, गोड्डा (झा०खं० ), झारखण्ड के गोड्डा जिले से दिल दहला देने वाली घटना घटी है, जहां तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने दो बुलेट सवार ज़िंदगियों को निगल लिया है। एन एच-133 फोरलेन पर, निर्झर लाइन होटल के पास हुआ ये दिल दहला देने वाला हादसा घटी है। एक अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने बुलेट सवार दो युवकों को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद स्कॉर्पियो चालक भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन कुछ ही दूरी पर उसका टायर फट गया। स्थानीय लोगों ने सतर्कता दिखाते हुए स्कॉर्पियो को घेर लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने हादसे के शिकार दोनों युवक को अस्पताल ले जाया गया। लेकिन डॉक्टर ने दोनों युवक को मृत घोषित कर दिया।

## 1 से 3 जून तक भव्य आयोजन कर मनाया जायेगा विश्व साइकिलिंग दिवस

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो, पाकुड़ (झा०खं०), साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के आदेश अनुसार पूरे भारतवर्ष के विभिन्न राज्यों में 1 से 3 जून तक विश्व साइकलिंग दिवस मनाने हेतु साइकिलिंग फेडरेशन द्वारा पत्र जारी किया गया है। जिसकी जानकारी झारखंड साइकलिंग संघ के महासचिव शैलेंद्र पाठक ने दी। पाठक ने बताया कि साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा झारखण्ड राज्य के विभिन्न जिलों में उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन करने हेतु पत्र प्राप्त हुआ है, उक्त पत्र के निदेर्शानुसार झारखण्ड को भी आयोजन को सफलतापूर्वक आयोजित करना है। सफल आयोजन हेतु झारखण्ड साइकलिंग संघ द्वारा जूम मीटिंग के माध्यम से विभिन्न जिलों के अध्यक्ष सचिव को झारखण्ड साइकलिंग संघ के महासचिव शैलेंद्र पाठक ने विश्व साइकलिंग दिवस मनाने हेतु सभी जिलों के अध्यक्ष- सचिव को निर्देशित किया तथा यह भी बताया कि विश्व साइकलिंग दिवस पर बच्चों व समाज के लोगों को जागरूक हेतु यह कार्यक्रम आयोजित करने को कहा गया है। साइकिल चलाने से क्या-क्या फायदे हैं। साइकिल को हम जिंदगी का सबसे पहला एडवेंचर कह सकते हैं। गिरते-पड़ते हम साइकिल चलाना सीखते हैं। उम्र के अनुसार साइकिल का भी अलग - अलग महत्व है। बचपन में साइकिल शौकिया तौर पर चलाते हैं, फिर धीरे - धीरे साइकिल का उपयोग स्कूल जाने के लिए करते हैं, तो कई लोग साइकिल से अपने काम पर जाते हैं। साइकिल चलाने से हम स्वस्थ रहेंगे वह प्रदूषण मुक्त में भी हमें काफी लाभ मिलेगा।

# ससमय एवं नियमित राशन वितरण का डीसी ने दिया निर्देश

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**
लातेहार (झा०खं० ), लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में गुरुवार को आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के सुचारू रूप से क्रियान्वयन को लेकर समाहरणालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने एनएफएसए के तहत अप्रैल और मई में जिले में किए गए खाद्यान्न वितरण की जानकारी लेते हुए लक्ष्य के अनुकूल काम न कर पाने वाले प्रखंडों में लातेहार, बरवाडीह के प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी पर नाराजगी जाहिर करते हुए वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया गया तथा सुधारात्मक प्रगति लाने की हिदायत दी गई। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि खाद्यान्न के उठाव एवं वितरण में लापरवाही बर्दाशत नही की जायेगी। उपायुक्त ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिया कि खाद्यान्न का उठाव एवं वितरण ससमय कराना सुनिश्चित करें। बैठक में जिले में पीवीटीजी परिवारों को डाकिया योजना से दी जाने वाली राशन संबंधित समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि पीवीटीजी परिवारों को ससमय शतप्रतिशत डाकिया योजना का लाभ मिले इसे सुनिश्चित करें। बीएसओ एवं डीएसओ लॉगिन में लंबित मामलों को अविलम्ब निष्पादित करने का निदेश दिया गया। राशन कार्ड में लाभुकों की ई-केवाइसी से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई।

उन्होंने जिले के शत-प्रतिशत लाभुकों का समय पर ई-केवाइसी कराने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त द्वारा खाद्यान्न वितरण, जन वितरण प्रणाली दुकानों से संबंधित मामले, पीवीटीजी डाकिया योजना, गमुख्यमंत्री दाल-भात योजना, धान अधिप्राप्ति एवं भुगतान, चना दाल वितरण योजना, लाभुकों का ई केवाईसी, पीजीएमएस शिकायत, सुसुप्त राशन कार्ड, समेत अन्य संचालित योजनाओं की समीक्षा कर जिला आपूर्ति पदाधिकारी को सभी सुयोग्य लाभूको को योजना का लाभ मिले इसको लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, जनसेवक, संबंधित उपस्थित थे।

# बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव ने आंगनबाड़ी केन्द्र का किया उद्घाटन



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**
पाकुड़ (झा०खं०), महेशपुर प्रखण्ड अतर्गत पंचायत जयनगरा में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सिद्धार्थ शंकर यादव द्वारा विभिन्न योजनाओं यथा अबुआ आवास, मनरेगा के तहत बिरसा हरित ग्राम योजना एवं 15 वें वित आयोग अन्तर्गत जलमीनार का निरीक्षण किया गया। साथ ही नसीपुर आंगनबाड़ी का विधिवत उद्घाटन किया एवं बच्चों की पढ़ाई से सम्बन्धित जानकारी सेविका से ली और जरुरी दिशा-निर्देश दिया। मौके पर बीपीओ, प्रखण्ड समन्वयक, कनीय अभियंता, मुखिया,पंचायत सचिव, रोजगार सेवक एवं सेविका उपस्थित थे।

# झारखंड दिव्यांग क्रिकेट संघ ने किया कोडरमा उपायुक्त का पुष्प अभिनंदन



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो गोड्डा**
गोड्डा : झारखंड दिव्यांग क्रिकेट संघ ने गुरुवार को कोडरमा के उपायुक्त पद पर नव पदस्थापित खेल प्रेमी आईएएस श्री ऋतुराज का पुष्प अभिनंदन कोडरमा स्थित उनके कार्यालय पहुंच कर किया। उक्त आशय कि जानकारी देते हुए झारखंड राज्य दिव्यांग क्रिकेट संघ के महासचिव मनीष कुमार सिंह ने बताया कि गोड्डा में लगातार प्रशिक्षु आईएएस एवं एसडीएम के पद पर रहते हुए अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली से कई प्रतिमान स्थापित कर सभी क्षेत्र एवं समाज के सभी वर्गों में अपनी अमिट छाप छोड़ने वाले श्री ऋतुराज को संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सुरजीत झा के द्वारा गठित दो सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल में शामिल संयुक्त सचिव बलराम महतो एवं सदस्य विष्णु कुमार ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका सम्मान एवं गर्मजोश अभिनंदन किया। श्री ऋतुराज ने दिव्यांग क्रिकेट के उन्नयन में हर संभव प्रशासनिक सहयोग की बात कही।

# समाजसेवी ने अशोक स्तंभ के नवीनीकरण कार्य में अनियमितता का आरोप

## नगर परिषद को सौंपा शिकायत पत्र



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो गोड्डा**
गोड्डा : समाजसेवी सौरभ परासर उर्फ बच्चू झा ने अशोक स्तंभ के नवीनीकरण कार्य में अनियमितता का आरोप लगाया है। वहीं इसकी लिखित शिकायत पर नगर परिषद, गोड्डा को सौंपा। उक्त पत्र में उन्होंने अशोक स्तंभ परिसर में चल रहे नवीनीकरण कार्य में पारदर्शिता की कमी और मानकों के उल्लंघन की गंभीर बात उठाई है। श्री परासर ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि उक्त कार्य के लिए तैयार एस्टीमेट में पारदर्शिता नहीं बरती गई है और कार्य की गुणवत्ता तथा लागत अनुमान तय मानकों से काफी नीचे है। उन्होंने बताया कि न तो कार्य स्थल पर कोई सूचना पट्ट लगाया गया है और न ही ₹झारखंड नगर परिषद अधिनियम, 2011₹ की धारा 66, 82 और 137 का पालन हो रहा है।

वहीं शिकायत में उन्होंने यह भी मांग की है कि संबंधित योजना की लागत, एस्टीमेट, स्वीकृति तिथि, संवेदक का नाम व चयन प्रक्रिया की जानकारी सार्वजनिक की जाए। कार्य स्थल पर सूचना पट्ट लगाकर कार्य के मापदंडों का पालन सुनिश्चित किया जाए। कार्य की गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाए। पूरे प्रकरण की जांच नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड या वित्तीय निरीक्षण निदेशालय द्वारा कराई जाए।

सौरभ परासर ने यह भी कहा कि अगर इस प्रकरण में शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो वे जनता की आवाज बनकर आगे की विधिक और जनांदोलनात्मक कार्रवाई करेंगे। उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि जनता की गाढ़ी कमाई से चलने वाली योजनाओं में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व तय किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

# नशीले पदार्थों के विरुद्ध, चलायें अभियान - विकास कश्यप एडीएम सिटी



नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो

गाजियाबाद। गाजियाबाद जनपद गाजियाबाद में मादक पदार्थों (नारकोटिक्स) की बिक्री व तस्करी के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही कराने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देशन पर एडीएम सिटी विकास कश्यप की अध्यक्षता में नारको को-ऑर्डिनेशन सेंटर की बैठक की गई।एडीएम सिटी विकास कश्यप ने कहां की बेहतर समन्वय के साथ ड्रग माफिया के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि नशा कारोबारियों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस को अपने मुखबिर तंत्र से समन्वय स्थापित कर और अधिक सक्रिय करने की आवश्यकता है। एडीएम सिटी विकास कश्यप ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालयों, अस्पताओं सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर होर्डिंग,बैनर,जागरूकता से सम्बंधित कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक सहित अन्य जागरूकता से सम्बंधित जो–जो कार्य नियमानुसार किये जा सकते हैं,वे किये जाये। उन्होने कहा कि स्कूलों द्वारा नशा मुक्ति के अन्तरर्गत विद्या?र्थियों से वाद विवाद, चित्रकला, स्लोगन, निबंध प्रतियोगिता सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाये। एडीएम सिटी विकास कश्यप ने रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन जैसे स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए ताकि जो लोग मादक पदार्थों की तस्करी कर रहे हैं उनको पकड़ा जा सके। इसके लिए जीआरपी, आरटीओ,परिवहन विभाग को कड़े निर्देश दिए । ड्रग इंस्पेक्टर को कड़ी कार्रवाई के लिए कहां गया, कि सभी दवा की दुकानों का निरीक्षण करें, एवं बगैर लाइसेंस के नारकोटिक्स रखने वाले मेडिकल स्टोरों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए। गाजियाबाद में आने के बाद यह उनकी नशे के खिलाफ पहली बैठक थी। खबर विशेष संवाददाता नरेश चंद्र द्वारा बैठक में एसीएमओ डॉ.आर.के.गुप्ता, एसीपी ट्रेफिक जियाउद्दीन अहमद, एसीपी क्राइम अम्बुज सिंह यादव, जितेन्द्र सिंह इंस्पेक्टर नारकोटिक्स सेल, अरविन्द्र कुमार यादव एसीएफ द्वितीय, आशुतोष ड्रग इंस्पेक्टर, डीपीओ मनोज कुमार पुष्कर, वेद प्रकाश समाज कल्याण अधिकारी, दिग्विजय सिंह समाज कल्याण अधिकारी, शिक्षा विभाग, वन विभाग, यातायात विभाग के अधिकारी/प्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# विजयनगर के वार्ड 3 में PDA मीटिंग का आयोजन किया गया



नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो


गाजियाबाद। विजयनगर के वार्ड 3 में PDA मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विनोद सविता गाजियाबाद विधानसभा प्रभारी रहे,साथ में विशाल वर्मा जिला उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक प्रत्याशी गाजियाबाद विधानसभा,विरेन्द्र यादव महासागर अध्यक्ष, राजन कश्यप महासागर महासचिव,अंशु ठाकुर जिला अध्यक्ष छात्रः सभा, ठाकुर विक्की सिंह,राजबीर सिंह जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ, जितेंद्र जाटव महासागर सचिव व कार्यक्रम आयोजक राजकुमार भारती, दीपक आदि रहे कार्यक्रम में समाज के सशक्तिकरण, संवैधानिक अधिकारों की रक्षा और समाजवादी विचारधारा के विस्तार पर विस्तृत चर्चा हुई।

मुख्य अतिथि विनोद सविता प्रभारी गाजियाबाद विधानसभा ने कहा कि पीडीए समाज को उसकी ताकत का एहसास दिलाने के लिए गली गली जाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। 2027 में हमें समाजवादी पार्टी को फिर से सत्ता में लाना है ताकि हर वर्ग को न्याय और समानता मिले।विशाल वर्मा पूर्व विधायक प्रत्याशी ने कहा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के बनाए संविधान को कमजोर करने की साजिशें की जा रही हैं, जिसे रोकने के लिए पीडीए समाज को एकजुट होना होगा। उन्होंने समाज के हक और अधिकारों की रक्षा के लिए सभी से संविधान बचाने और लोकतंत्र मजबूत करने का आह्वान किया।

विरेन्द्र यादव ने कहा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के सामाजिक न्याय की लड़ाई और समाजवादी विचारधारा को मजबूत करने के लिए गांव-गांव जाकर जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। संविधान और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए जागरूकता अभियान चलाने और आरक्षण, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और रोजगार के अवसरों को बढ़ाने की मांग की गई। पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक पीडीए समाज को एकजुट करने की रणनीति बनाने का संकल्प किया गया। शिक्षा और युवाओं को रोजगार के नए अवसर देने की दिशा में कार्य करने और महिलाओं के उत्थान और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए योजनाएं बनाये जाने के साथ विधानसभा चुनाव 2027 में समाजवादी पार्टी को जीत दिलाने और अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया।

## आपातकाल की बरसी पर सरकार संसद का विशेष सत्र बुलाने की तैयारी में : कांग्रेस

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।



नई दिल्ली। कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि सरकार आपातकाल के 50 साल पूरे होने के मौके पर 25 एवं 26 जून को संसद का विशेष सत्र बुलाने की तैयारी में है, जबकि पिछले 11 वर्षों से देश में अघोषित आपातकाल लगा हुआ है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह आरोप भी लगाया कि सरकार असली मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश में है। मुख्य विपक्षी दल के दावे पर फिलहाल सरकार या भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## : केजरीवाल ने पासपोर्ट के नवीनीकरण के लिए अदालत का रुख किया

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।



नई दिल्ली। दिल्ली आबकारी नीति मामले में आरोपी दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने पासपोर्ट के नवीनीकरण के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) की मांग करते हुए बृहस्पतिवार को अदालत का रुख किया। विशेष न्यायाधीश दिग विनय सिंह ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को नोटिस जारी कर सुनवाई की अगली तारीख चार जून तक जवाब मांगा। केजरीवाल के वकील ने अदालत को बताया कि उनके पासपोर्ट की अवधि 2018 में समाप्त हो गई थी और उन्होंने 10 साल के लिए इसके नवीनीकरण की अपील करते हुए आवेदन दिया है। इस बीच, सीबीआई ने न्यायाधीश से कहा कि वह कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार के मामले में आरोप तय करने पर बहस के लिए तैयार है। रद्द की जा चुकी दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले की जांच सीबीआई कर रही है जबकि ईडी धनशोधन के एक मामले की जांच कर रही है।

## दिल्ली में कोविड के 19 मरीज अस्पताल में भर्ती
# लोगों को चिंता करने की जरूरत नहीं: मुख्यमंत्री

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो



नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बृहस्पतिवार को कहा कि दिल्ली में कोविड के 19 मरीज अस्पताल में भर्ती हैं लेकिन चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। मुख्यमंत्री ने यहां लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल में संवाददाताओं से कहा कि दिल्ली सरकार सतर्क है और अस्पताल तैयार हैं। रेखा गुप्ता ने कहा, ह्ल19 मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं और बाकी का इलाज उनके घरों में जारी है। लेकिन कोविड-19 अभी उस स्थिति में नहीं पहुंचा है, जहां लोगों को चिंता करने की जरूरत हो। सरकार हर स्थिति के लिए तैयार है।ह्व उन्होंने लोगों को सतर्क रहने की जरूरत पर भी जोर दिया।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, सोमवार तक दिल्ली में कोविड-19 के 104 मरीज उपचाराधीन थे। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि पिछले सप्ताह 24 मरीज ठीक हुए। दिल्ली सरकार ने पिछले सप्ताह अस्पतालों को एक परामर्श जारी कर उन्हें बेड, दवाइयों और ऑक्सीजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा था।

# उल्टी-दस्त और डायरिया के बढ़े मरीज

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो

गाजियाबाद। उमस और गर्मी की वजह से अस्पतालों में उल्टी-दस्त, डायरिया, डिहाइड्रेशन के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। पिछले एक हफ्ते में अस्पतालों में ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या बढ़ी है।

बच्चों में डायरिया के केस सबसे अधिक हैं। एमएमजी अस्पताल और संयुक्त जिला अस्पताल में लगभग 3000 मरीज पहुंचे। बुधवार को एमएमजी अस्पताल में नंदग्राम से इलाज कराने पहुंचीं महिला बेहोश होकर गिर पड़ीं।

एक हफ्ते पहले जहां संयुक्त जिला अस्पताल में 900 के लगभग मरीज पहुंच रहे थे, वहीं अब यह संख्या बढ़कर 1000 से अधिक हो गई है। वहीं, एमएमजी अस्पताल में जहां 1600-1700 मरीज पहुंचते थे, उनकी संख्या बढ़कर 2000 हो गई है। संयुक्त जिला अस्पताल में बुधवार को कुल 1039 मरीज पहुंचे जिसमें 101 बच्चे और 492 महिलाएं शामिल रहीं। वहीं, एमएमजी अस्पताल में 2000 मरीज पहुंचे जिसमें से 250 के करीब बच्चे भी शामिल रहे। एमएमजी के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. संतराम वर्मा ने बताया कि अधिकतर मरीज पेट दर्द, डायरिया और उल्टी और बुखार के मरीज हैं।

# छह अलग रूटों पर दौड़ेंगी ई-बसें

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो



गाजियाबाद। मुख्यालय से मिलने वाली 38 ई-बसों के लिए रूट चार्ट तैयार कर लिया गया है। मुख्यालय ने करीब दो माह पूर्व ही गाजियाबाद से ई-बस के लिए रूट चार्ट मंगवाया था। परिवहन निगम की ओर से छह अलग-अलग रूटों पर मुहर लग चुकी है। अब बस के आने का इंतजार है, जिससे लोगों को सुविधा मिल सकेगी।

आरएम केसरी नंदन चौधरी ने बताया कि पहले फेज में 250 किमी. के दायरे में बस चलाया जाना है। इसके लिए जगह-जगह चार्जिंग स्टेशन बनाए जाने का काम जोरों पर है। उन्होंने बताया कि वैसे भी ई-बस एक बार फुल चार्ज होने पर 200 किमी. से अधिक की दूरी तय करती है। बीच में स्टॉपेज पर चार्जिंग प्वाइंट होने से और सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि साहिबाबाद डिपो पर चार्जिंग प्वाइंट बनाया जाना है। जल्द ही चार्जिंग प्वाइंट बनते ही सभी 38 बसें गाजियाबाद को मिल जाएंगी, जिसे अलग-अलग रूट पर चलाया जाएगा। इन बसों को कौशांबी के साथ ही कश्मीरी गेट और आनंद विहार से भी चलाया जाएगा। इससे न केवल गाजियाबाद बल्कि दिल्ली एनसीआर के लोगों को भी लाभ मिल सकेगा।

**इस रूट पर चलेंगी इतनी बसें**

कौशांबी- मुरादाबाद - 8
कश्मीरी गेट, कौशांबी- मुजफ्फरनगर -8
कश्मीरी गेट- नजीबाबाद-8
आनंदविहार- अलीगढ़-6
आनंदविहार-मथुरा एवं फरीदाबाद-8

## चलती ट्रेन के इंजन से कुछ भी बाहर नहीं फेंक सकेंगे पायलट, लगा प्रतिबंध

गाजियाबाद। चलती ट्रेन के इंजन से लोको पायलट व सहायक लोको पायलट कुछ भी नहीं फेंक सकेंगे। रेलवे बोर्ड ने इसपर प्रतिबंध लगा दिया है। इसका पालन न करने पर कार्रवाई होगी। हादसे जैसी स्थिति में नौकरी भी जा सकती है। लोको मोटिव से सामान फेंकने पर कई जगह लोगों के चोटिल होने की घटनाएं हो चुकी हैं। कई लोगों ने इसकी शिकायत सीधे रेलवे मुख्यालय में की तो कई ने यह बात स्थानीय स्तर पर भी अधिकारियों के समक्ष दर्ज कराई। इसी को देखते हुए रेलवे बोर्ड ने चलती ट्रेन के इंजन से कुछ भी फेंकने पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया। आदेश में कहा गया है कि ट्रेन के गंतव्य तक पहुंचने पर ही कुछ भी सामान डस्टबिन में डालने की व्यवस्था करें। मुख्यालय के स्तर से लोको मोटिव में लगे कैमरों में यह भी यह देखा जा रहा है कि पायलट व सहायक लोको पायलट इसका पालन कर रहे हैं या नहीं। नियम का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की सख्त चेतावनी जारी की गई है। इस बारे में नॉर्दर्न रेलवे के सीपीआरओ हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि बीते कुछ समय में रेलवे में तमाम तरह के बदलाव हुए हैं। बेहतरी के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में लोको पायलट के कुछ भी बाहर फेंकने का प्रतिबंध लगाने का नियम बनाया गया है। पेशाब से भरी बोतलें फेंकने की सबसे ज्यादा शिकायतें : लोको मोटिव में शौचालय की व्यवस्था नहीं होती। इसलिए लोको पायलट व सहायक लोको पायलट खाली बोतल में पेशाब करते हैं। पेशाब से भरी बोतल को चलती ट्रेन से बाहर फेंक देते हैं। ऐसे में न सिर्फ ट्रैक के आसपास खड़े व्यक्ति को चोट लगने का खतरा रहता है, बल्कि उसके ऊपर गंदगी भी गिरती है।

# घंटों गुल रही बिजली तो कहीं आवाजाही से लोग रहे परेशान




नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।

गाजियाबाद। कहीं घंटों गुल रही बिजली तो कहीं आवाजाही से लोग परेशान रहे। तुलसी निकेतन कॉलोनी और इंद्रप्रस्थ आवासीय कॉलोनी में तीन घंटे की बिजली कटौती हुई। बिजली नहीं होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कई इलाकों में बिजली ट्रिपिंग की समस्या भी बनी रही।

तुलसी निकेतन कॉलोनी निवासी जगदीश ने बताया कि दोपहर चार बजे बिजली कटौती की गई। कई घंटे इंतजार करने के बाद जब अधिकारियों को फोन किया तो उसकी कुछ देर बाद लगभग सात बजे बिजली आपूर्ति सुचारु की गई। वहीं वसुंधरा, इंदिरापुरम, भोपुरा में भी बिजली ट्रिपिंग से लोगों को परेशानी हुई। वहीं इंद्रप्रस्थ आवासीय कॉलोनी में भी दिन शुरू होते ही बिजली का आना-जाना लगा रहा। स्थानीय निवासी सतीश भारद्वाज ने बताया कि हर दो से तीन घंटे में बिजली का आना जाना रहा। इस वजह से लोगों के इन्वर्टर भी चार्ज नहीं हो पाए। पूरे दिन तीन से चार घंटे की कटौती की गई। इंदिरापुरम के ज्ञानखंड एक और दो में सुबह दस से लेकर एक बजे तक मरम्मत कार्य किया गया। इसके चलते तीन घंटे की बिजली कटौती की गई। अधिशासी अभियंता अवधेश कुमार का कहना है कि शटडाउन को लेकर उपभोक्ताओं को समय से सूचित कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि इंदिरापुरम में अगले एक सप्ताह तक मरम्मत कार्य किया जाएगा जिसमें लगभग सभी इलाकों को कवर किया जाएगा।

## मीट की दुकान बंद कराने पहुंचे लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर, बोले-
# मालिक भागे तो गोली मार देना

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।

गाजियाबाद। दुकानों के मालिकों को पकड़ते समय अपने समर्थकों से यह तक कह दिया कि अगर मालिक भागे तो गोली मार देना। इसका वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जमकर वायरल हुआ।





गाजियाबाद के साहिबाबाद स्थित टीलामोड़ थाना क्षेत्र के फरुखनगर गांव में बृहस्पतिवार को लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर मांस की दुकानों को बंद कराने पहुंच गए। बड़ी संख्या में समर्थकों के साथ विधायक ने एक–एक कर कई दुकानों को बंद कराया। दुकानों के मालिकों को पकड़ते समय विधायक ने अपने समर्थकों से कहा कि अगर भागे तो गोली मार देना। मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इस दौरान विधायक नंदकिशोर ने मांस की एक दुकान के मालिक को पकड़कर खुद ही चौकी ले गए और पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

वायरल वीडियो में विधायक दुकानदारों से पूछ रहे हैं कि आखिर हिंडन एयरफोर्स और मंदिर के पास मांस की दुकान कैसे खुल गई। विधायक के आने पर आसपास के मांस बेचने वाले दुकानदार भी अपनी दुकानों पर ताले लगाने लगे। वीडियो में विधायक अपने समर्थकों से बोलते हुए दिख रहे हैं कि मांस की दुकान चलाने वाले दुकानदार को पकड़ो और अगर मालिक भागे तो गोली मार देना। इसके बाद समर्थकों के साथ एक दुकानदार को पकड़कर पुलिस चौकी लेकर गए।

पुलिस चौकी पहुंचने के बाद विधायक सबसे पहले चौकी इंचार्ज के बारे में पूछते हैं। चौकी इंचार्ज थाने में मौजूद नहीं थे। अन्य पुलिसकर्मियों से पूछते हैं कि हिंडन एयरफोर्स पास में है। ऐसे में वहां मांस की दुकान कैसे खुल गई। विधायक ने कहा कि मेन रोड पर मंदिर भी है। नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि पुलिस और संबंधित विभाग के अधिकारी इन सभी दुकानों पर कार्रवाई करें। ऐसा न करने पर वह शासन से मामले की शिकायत करेंगे। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मामले में तहरीर नहीं मिली है। जांच की जा रही है, जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com
नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय–209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन– 0120–4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः– समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।